आज बन्ने प्रभूदा है तुम सब की बड़ी याद आ रही है। कुछ भी बनाने को मन नहीं कर रहा है। तुम्हारे प्रभूदा के दिन नित्य चाव से सब सामान बनाती थी अब मन तो यही करता है कि कुछ नहीं बनाऊं। तुमको तो वहाँ पर आज पता भी नहीं चलेगा। खायेंगे तो हैं ही लेकिन अच्छा कुछ भी नहीं लग रहा है।

तुम लोगों ने पास में रह कर इतना प्यार बढ़ा दिया है। इससे तो तुम लोग भी अलग-अलग रहते तो अच्छा था। इच्छा विदेश [illegible] ईश्वर से यही हमारी प्रार्थना है कि वहां पर तुम सब ठीक प्रकार से रहो हमको तभी शान्ति मिलेगी। पत्र बन्द करने को मन नहीं करता है लेकिन कहां तक लिखूं। यह शैलू को बहुत ही याद कर रहे हैं रट लगाए दिन रात परेशान से रहते हैं [illegible] ठीक हो जायेंगे। तुम लोग हमारी ओर से कुछ चिन्ता मत करना। प्रभाकर भी ठीक होंगे ना

चि० कुशाल बेटे व सोना को हमारा आशीर्वाद, सोना अपना ध्यान रखे। प्रिय शैलू से कहना हमारा बहुत बहुत प्यार। हमारी तुम सबको शुभ कामनायें।

तुम्हारी अम्मा
प्रकाशवती

My dear Sushil 5.9.77

It is hard time for me now. I cannot do anything. My brain is fag. My sleep has gone. Pictures of Shailoo and Gudya move before my eyes. I cannot talk without tears. I want, however, to live till you come back and that is my only desire. I will pass my life somehow till then. How are you. I hope you reached there safely. Please take care of children.

With love
Yours [illegible]
5.9.77

बेटा गुड़िया,

तुम ठीक होना। तुम ने बाबा से इतना प्यार बढ़ाया था कि अब वह मुझे सता रहा है। ईश्वर तुम सब को ठीक रखे। शैलू का ध्यान रखना। मैं कुछ दिन में शायद ठीक हो जाऊंगा। मेरी चिन्ता ना करना। जो ज़रूरत हो लिखना

तुम्हारा बाबा
गणपतराम

Dhanpat Rai Gupta

VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

प्रकाश नगरी

Dated ५ – ६ – 197०

प्रिय बिटिया गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार।

आशा है कि तुम सब ठीक प्रकार से पहुँच गई होगी तुम सबकी यात्रा बहुत अच्छी रही होगी रास्ते में हवाई जहाज में कोई परेशानी तो नहीं हुई है। खाना पीना सब मिल गया होगा तुम वाशिंगटन किस समय पहुँची हो। और इंगलैण्ड किस समय पहुँची। उषा व विजय बाबू भी आये होंगे। तुम सबको तो हवाई जहाज में बड़ा अच्छा लगा होगा। रास्ते में तुम्हारे सबकी तबियत तो ठीक रही है सरोज तो रास्ते में ठीक रही।

तुम सबकी तो बहुत ही याद आ रही है हर समय चित्त परेशान सा रहता है। तुम सब की शक्ल हर समय आँखों में घूमती रहती है मन ऐसा होता है कि किसी तरह से तुम सबको देख लें। लेकिन अब तो तीन साल तक सब्र ही करना पड़ेगा। और तुम्हारे बाबाजी तो बहुत ही परेशान है। लेकिन कुछ समय तो लगेगा ही अपने तो तीन साल तक की तो आशा लगानी रहेगी ही। वैसे हम दोनों ठीक हैं तुम सब हमारी बिल्कुल चिन्ता मत करना। हमको सब बातें लिखा करना। तुम्हारी बातें याद करके ही खुश हुआ करेंगे। आशा है कि तुम सब भी खूब प्रसन्न होंगी। प्रिय सुशील सरोज व तुम्हारे प्रिय रीतू को याद करता ही है।

अनुपम ३ ता० को १० बजे सुबह को चला गया है। राजेन्द्र बाबा ४ ता० को सुबह ही रात को चौरासी चले गये हैं और प्रकाश भी ४ ता० को ही २ बजे दोपहर को देहरादून चला गया है इन सबके जाने से मन और भी परेशान सा हो रहा है। बड़ी बिटिया याद आना तो स्वाभाविक ही है तुम और हम कभी नहीं भूल सकते हैं। तुम लोग होटल में रहे होंगे वहां पर बिल्कुल लौकप सब मिल गये होंगे। सुबह को रजनी ने टेलीफोन पर सब घर पर आये नरेन्द्र को इन्द्रा ने टेलीफोन से इत्तिफाक से तुम्हारे समाचार ज्ञात हुए। अब तुम हमको इतना याद मत करना और वहां की सब बातें पूरी लिखना। अब तो तुम्हारे पत्र से ही चैन मिल सकेगा।

सुशील आफिस जाने लगा होगा। प्रिय सुशील व सरोज से कहना हमारी ओर से परेशान ना हों हम तो बिल्कुल ठीक हैं वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम सब सुख से रहो हमें शान्ति तभी मिलेगी। सुशील व सरोज को चिट्ठी पत्र लिखवा कर सब भेजें। लिखा करो अब तो पत्र की ही इन्तजार रहा करेगा। घर बड़ा सूना लगता है सारा घर खाली हो गया है। तुम सब वहां पर जाकर ठीक रहोगी। हमें भी खुशी होगी।

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 5.9.1977

बेटा शैलू

ईश्वर तुम को खुश रक्खे। तुम ठीक पहुंच गये होगे। तुम्हारी याद हर समय परेशान कर रही है। मेरी गोद आंगन खाली होगया। कैसे करूंगा समझ में नहीं आ रहा। तुम अपना चश्मा - कंघा और पर्चा जिस में तुमने सब की जन्म और शादी की तारीख लिखी थी यहां भूल गये हो। और वह चवन्नी भी जो मैं ने आखरी दी थी। दवा की ट्यूब जो तुमने मंगाई थी वह भी यहां पड़ी रह गई है। तारीखों का पर्चा तो डाक से भेज दूंगा और चीज़ें कैसे भेजूं सोच रहा हूं। तुम तो वहां अपनी मम्मी पापा और जीजी के साथ हो मुझे भूलने की कोशिश करना। वहां का हाल भी लिखना। अभी तो तीन दिन हुवे हैं। मुझे तो तीन साल काटने हैं तुम्हारी याद में। तुम्हारी कहानी और खत मैं का दूंगा। तुम वहां खुश रहो यही मेरे लिये काफ़ी है दिन काटने को।

एक फोटो छोटा भेज रहा हूं जो 2-9-77 को खिंचा था यह तुम्हारे और गुड़िया के लिये है बड़ा फोटो अशोक के लिये दो दिन में भेजूंगा

तुम्हारा बाबा
धनपतराय

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 7. 9 1977

My dear Sushil

I hope you are well and all of you must have reached there safely. I sent a letter on 5.9.77 with a copy of Photograph (small size) for children. I am sending a bigger one for you. I have got the borders cut to make the size of the mount small so that there may not be difficulty in transit. We are very much anxious to know about you. We are still unable to adjust ourselves to the circumstances. We miss you all so much that we are always in a weeping mood. No sleep, no taste in food or anything. Gudya & Shalloo are, at all moments, making us weep. How I shall pass the long time is a problem. I have decided to live here and will not go any-where else. Here we lived with you all and I want to be here on your return, of course

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 7.9.1977

बेटा शैलू
खुश रहो। तुम्हारा क्या हाल है? ठीक
रहना बेटा। तुम्हारी याद तो भूल ही नहीं
सकूंगा कुछ भी कोशिश करलूं। हां तुम
अच्छी तरह रहोगे तो शायद मेरा दिमाग
भी ठीक हो जावेगा। अब तो मैं पागल
हो रहा हूं। तुम्हारी कोई खबर भी
नहीं मिली है। तुम अपना पूरा हाल
लिखना। मैं तो कुछ दिन में शायद
भोपाल जाऊंगा। वहां तुम परदेश
में हो। कोई जान पहचान का नहीं है।
तुम को बहोत होशियारी से रहना होगा।
तुम्हारी पढ़ाई का क्या होता है इस की
भी मुझे चिन्ता है। तुम्हारी दवा की
टियूब जो यहां पड़ी मिली थी और कागज़
भी कोई वहां जाता हुआ मिला भेज दूंगा
और जो बात हो लिखना बेटा

तुम्हारा बाबा
धनपतराय

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

197

if God spares me till the happy moment:
Please Take Care of your health and look after children. I will try to be able to do the usual work which is at Present Suspended as I am unfit.

with Love to all
yours affly D.R.Gupta

प्रिय सरोज सदैव सौभाग्यवती रहो

हमने २ दिनों से गुड्डा शैलू को पत्र लिख कर पोस्ट में डाल दिया था है आशा है कि तुमको हमारे पत्र २ दिनों मिल गये होंगे। बेटा तो सब कुछ बच्चों अमेरिका की चिट्ठी भी नहीं भेजी है। आशा है कि तुम सब की यात्रा सफल रही होगी और ठीक प्रकार से पहुंच गई होगी। शायद तो तुम लोग होटल में ही रहे होंगे। अपने मकान पर कब गये हो होटल में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हुई है। खाना वगैरा का क्या रहा। और सामान ठीक प्रकार से भी पहुंच गया है। रास्ते में कोई चीज़ खराब तो नहीं हुई है सब बातें लिखना। वह कैसा लगा है तुमको हमारे शहर में क्या अच्छा लगा होगा तुम सबको वातावरण तो ठीक रहा है। और बच्चे तो वहां पर जाकर बहुत खुश हो रहे होंगे। सुशील की ओर से बड़ा परेशान हो रहा है उस दिन बड़ा परेशान सा रहा था कुछ देखता था और आंखों में पानी आ जाता था बेहद परेशान तो सभी थे।

हमारा मन बिल्कुल नहीं लग रहा है। हर समय तुम सबकी बहुत ही याद आ रहा है। कल ७ तारीख को दोपहर को बच्चे चले जायेंगे घर में बिल्कुल अकेला रहूंगा। यही चिन्ता है कैसे समय कटेगा

कल पूरन [illegible] की कुछ तबियत ठीक नहीं चलता था लेकिन [illegible] बनाई। बच्चों के लिए कितने चाव से सब चीजें बनाती थी। सब मिल कर बैठ कर खाते थे कितना अच्छा लगता था। खाते गये और याद कर कर के रोना आता रहा। तुम्हारे बाबूजी बड़े परेशान है हर समय परेशान से रहते हैं और याद कर के रोते हैं। मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम सब वहां पर खुश रहो और हर तरह से कामयाब हो। तुम हमारी ओर से कुछ चिन्ता मत करना अपना ध्यान रखना तुम्हारा बेबी डेविड ठीक होगा प्रिय शैलू का स्कूल बगैरा शुरू हो गया सब बातें लिखती रहना जिससे हमको तुम्हारे पत्र से शान्ति मिले। यहां पर के सब लोग तुम्हारा बहुत ध्यान रखते हैं। प्रिय सुशील गुड्डा शैलू व बच्चों को मेरा ढेर सारा आशीर्वाद व बहुत सा प्यार। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

सबको कुशल मंगल आदि होंगे।

तुम्हारी अम्माजी प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 7-9-1977

बेटी गुड़िया खुश रहो। कैसी हो तुम बेटी?
ठीक हो ना। ठीक ही रहना बेटी। शैलू का
भी ध्यान रखना बेटी। मैं तुमसे बहुत दूर
हूं तुम्हारे लिये कुछ नहीं कर सकूंगा। हां इस
बूढ़े बाबा का प्यार रखो। प्यार वह भी
दूर से बस यही रह गया है अब तो।
शायद फिर समय आवे कि तुम मेरे सामने
हो। तुम खुश रहना बेटी बस इसमें
मुझे शायद शान्ति मिल जावेगी। अभी
तो कुछ नहीं समझ में आता है कैसे समय
कटेगा। क्या करना होगा। ईश्वर जैसे भी
रखेगा रहना होगा। तुम्हारा कोई हाल
अभी नहीं मिला है। अपनी खबर देती रहना।

तुम्हारा बाबा
[illegible]

Meerut
8.9.77

My dear Sushil

I have just read in papers that two bomb blasts explosions rocked the Central Washington early on 7.9.77, one outside the offices of the Soviet Airline Aeroflot. The news say there windows were broken at the offices and the nearby buildings. Further information say that the blasts made a crater of about 10 metres wide and scattered the area with metals & fragments. How are you all. I have not yet received any information whether you reached safely. I am informed you did not carry any warm garments and this must have troubled you in the way as it must have been cold at several places in the way.

Take care of yourself & Saroj & children.

I shall try to reconcile myself to the circumstances though it seems difficult at present. How I shall pass this period is a problem but it shall have to be done.

We are all worried about your welfare.

With love to all
Yours affly
[illegible],

बाबा के बेटा

मेरठ
८-८-९९

बेटा शैलू - खुश रहो । खुश होना ।
अभी तुम्हारे पहोंचने की खबर नहीं मिली ।
क्या हाल है तुम्हारा । अब तो खबर
भी नहीं मिलती जल्दी से । जिजी का
क्या हाल है । तुम लोगों के पढ़ाई के
लिये क्या हुवा है । मुझे तो चिन्ता तुम
लोगों की बहुत है । तुम ने कहां था
चिन्ता ना करना पर क्या करूं दिल
नहीं मानता है । तुम जल्दी २ पत्र
भेजोगे तो शायद कुछ शान्ति मिले

तुम्हारा बाबा
धनपतराय

तुम्हारे पापा का जन्मदिन
६-१०-९९ को आरहा है
याद रखना
धनपतराय

प्रिय बेटे शैल तुमको हमारा बहुत बहुत सारा प्यार।

अभी तक तुम्हारे कुशल से पहुँचने का समाचार ज्ञात ना होने से बड़ी चिन्ता लगी है आशा है कि तुम ठीक प्रकार से पहुँच गये होंगे। तुम सबको हवाई जहाज में बैठकर बड़ा अच्छा लगा होगा रास्ते में कोई कष्ट तो नहीं हुई है।

हमारा अहोभाग्य है कि हमारे बेटे बहू व पोती पोता इतने अच्छे जगह पर गये हैं ईश्वर को धन्यवाद है और हमारी तुम सबको शुभ कामनायें हैं कि वहां पर ठीक रहो और तीन साल बाद फिर यहीं आपस में सब मिल कर एक साथ रहें।

तुम्हारा पत्र आ गया होगा. हमको तुम सब बहुत ही याद आते हो। अब हमारा मन तुम्हारे कमरे में ही लगता है

तुम्हारा इन्दु भाभी से ज्ञात हुआ था कि वहां पर जाने वाले सब लोग स्वेटर कोट पहने हुये थे। तुमने तो अपने साथ में कुछ भी गर्म कपड़ा नहीं रखा था पता नहीं रास्ते में इतने लम्बे समय में कैसे निवाह होगा। हमको चिन्ता लगी है

हमने अखबार में पढ़ा है कि वहां कुछ दंगल के साथ ही बम विस्फोट हुआ है तुम लोगों को तो कुछ तकलीफ नहीं हुई है लिखना।

प्रिय सुशील मनोज व गुड़िया को हमारा आशीर्वाद व बहुत सा प्यार।

हमने फोटो के पत्र भेजे हैं तुमको मिल गये होंगे

प्रिय बेटे पत्र का उत्तर जल्दी ही देना

तुम्हारी अम्मा

[illegible] प्रकाशवती

Meerut
10-9-77

My dear Sushil

No intimation since you left. I think you could not manage to inform by Cable.

Please Take full Care of Children.

We are all missing you all so much. I look all around the house inside and outside to have a glimpse of you; but in vain. Time may Sooth our hearts. We are always praying to be able to hear something from you but no information.

I enquired from the Ministry of External affairs but they also have not yet recd any information about you.

Hope you are well.

with love
your affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 10 . 9 . 1977

बेटा शैलू । खुश रहो

तुम लोगों से बिछुड़े आज आठ दिन होगये। अभी कोई खबर नहीं मिली। कहां हो कैसे हो। समय नहीं कटता। तुम सब की याद हर समय आती है और आती रहेगी। शायद तार देने का समय ना मिला हो सुशील को। पत्र की इन्तजार लगी है।

तुम्हारा बाबा
धनपतराय

बेटी गुड़िया खुश रहो

जाते समय तुम ने पैन 2 कुछ कहा था। उस समय परेशानी में था समझा नहीं था। तुम्हारा पैन नीला वाला शैलू की अलमारी पर पड़ा मिला। शायद भूल गई थी वह मांग रही थी। खेद है मैं समझ नहीं पाया था। कोई आता जाता मिला भेजदूंगा। अपना हाल लिखना क्या कर रही हो

तुम्हारा बाबा
धनपतराय
10.9.77

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 14.9.1977

बेटा शैलू

तुम्हारा पत्र कल शाम मिला जो तुमने 3-9-77 को लिखा था। मुझे खुशी है तुम लोग ठीक पहुंच गए हो। हमें तो बहुत चिन्ता हो रही थी। अब तो तुम लोग वहां ठीक तरह से रहते होगे। पर होशियारी से रहना बेटा। तुम परदेश में हो। तुम्हें खुद ही अपना ख्याल रखना पड़ेगा। मैं अब तुम्हारे लिये दूर से ही प्यार कर सकता हूं और कुछ भी नहीं कर सकता हूं। तुम वहां ठीक रहोगे तो शान्ति मुझे भी रहेगी। तुम अपनी तकलीफ का भी हाल लिखना।

तुम्हारे इस्कूल का क्या रहा! अब तुम्हारा रेडियो भी हिन्दी में नहीं मिलता होगा। कोई किताब भी पढ़ने को नहीं होगी। देखो थोड़े दिनों में मन लग जावेगा।

तुम्हारा बाबा
धनपतराय

मेरठ सिटी
२२।६।१९८६

प्रिय बिटिया गुड़िया खुश रहो बहुत ढेर सा प्यार

तुम्हारा एक पत्र १३ ता॰ को मिला था ३ ता॰ का लिखा हुआ। ३ ता॰ का पत्र हमको १३ ता॰ को मिला था उसका उत्तर हमने १४ ता॰ को दे दिया था। और एक पत्र तुम सबों के आज २२ ता॰ को रविवार को २ बजे मिले। सबों के पत्रों को देख कर बहुत ही प्रसन्नता हुई और सब समाचार ज्ञात हुए। बिटिया तुम पत्र जल्दी २ लिखती रहना क्योंकि पत्र आने में देर हो जाती है तो बहुत ही चिन्ता हो जाती है। यह जान कर दुख होता है कि अभी तुम्हारा मन नहीं लग रहा है बाद में जब अपने काम में लग जाओगी मन लग जायेगा। अब तो बिटिया मन लगाना ही पड़ेगा अब तो तीन साल के लिये सबको भूल जाओ। ईश्वर की इच्छा हुई तो तीन साल बाद फिर मिलेंगे। फिर वैसे ही रहेंगे जैसे रहते आये हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि वहां पर तुम सब ठीक रहो।

तुम हमारी ओर से चिन्ता मत करना हम तो ठीक ही हैं लेकिन तुम सबकी याद तो हर समय आती ही रहती है। वहां पर दूध का क्या भाव है तुम दूध भी पीती हो या नहीं। ऐसा लगता है कि डबल रोटी भी वहां पर महंगी है वहां का दूध पीने में कैसा है। तुम वहां का जब खुश रहो तुम सब वहां पर खुश होगी तो हमें भी खुशी होगी हमारी ओर से चिन्ता मत करना तुम मन लगा कर रहो हम तो ठीक ही हैं। लेकिन कभी २ तुम सबको याद करके बड़ी परेशानी सी लगती है। तुम्हारे पापा सबके पत्र पढ़ पढ़ के। बड़ा अच्छा लगा होगा। १३ ता॰ को तुम्हारा पत्र मेरे पास व ऊषा के पास आया था संजू व मधुलता का पत्र उसी दिन मधु शाह को [illegible] पत्र दे दिया था और फोटो भी बन कर आ गई थी उनको भी दो कापी संजू व मधुलता को फोटो देखी है [illegible] कि तुम गई हो दो बार को लिखा है जा चुकी हैं [illegible] भी थी। [illegible] सुनीता को भी तुम्हारा पत्र मिल गया है। तुम खूब मन लगा कर रहो ऐसे खुशी में ईश्वर ने चाहा तो तीन साल शीघ्र ही बीत जायेंगे।

अच्छा बिटिया। तुम खुश रहो और ठीक रहो। पत्रोत्तर शीघ्र देना

तुम्हारी मम्मी
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 21-9 197

प्रिय बिटिया तुम्हारे ट्रांसफर को सुन कर बड़ा दुःख होता है यह तुमने बहुत ही प्यारा घर था या सपना बनाती रहती थीं। अब स्टॉप पर तुम्हें जो रहीं तुम लहो ही [illegible] या रहने जाती थीं तब ये बनवा रहता था। वहां पर तुम्हारा पास बैठे तो है ही. वो है लेकिन अभी तुम्हारे कम समय में आएगा और वहां का कोई [illegible] है ही सब सोग्राम आते होंगे।

तुम्हारे चाचा जी और मैं तुम्हारे बाबा जी के पास इनके गांव दिन का जाना तुम्हारे बाबा जी बहुत ही प्रसन्न हुए कि बच्चों ने बहुत ही ध्यान रखा। यह जान कर प्रसन्नता है वहां के सब आदमी बहुत अच्छे हैं तुम लोग खाने वगैरा पर तो गए थे। सेहत की तबियत का ध्यान रखना। खाना वगैरा सब लोग मेस पर ही बनाते होंगे। तुम वहां पर प्रसन्न रहना हम सब तुम्हारे रहने से प्रसन्न हैं। यहां पर तो हम लोग बैठे २ बोर होते रहते हैं। और तुम सबको याद करते रहते हैं।

तुम्हारे सामान को रखना तो मैले हो गए हैं। सामान का पहुंचने से हर एक चीज की परेशानी हो रही होगी। मैं क्या बिटिया अब तो पत्र बन्द ही करना पड़ेगा। बहुत लम्बा हो गया है। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी मम्मी जी

प्रकाशवती

मेरठ सिटी
२१।६।१९६६

प्रिय सरोज सदैव सौभाग्यवती रहो,

यहां पर सब ठीक हैं। तुम सबों की कुशल ईश्वर से सदैव भली चाहती हूँ।

९ का पत्र गुड़िया का बालिका के पहुंचने पर ३ ता. का यहां से। पत्र मिला १२ ता. को - और एक पत्र तुम्हारा ९ ता. का लिखा हुआ कल २० ता. को मिला और एक पत्र तुम्हारा व गुड़िया और सुशील का १४ ता. का लिखा हुआ - आज २१ ता. को सब के चारों पत्र मिले। पत्र तुम चारों के देख कर बहुत ही प्रसन्नता हुई जो पत्र जब तुम बोलीं थीं पत्र आने पर पत्र पढ़ कर रोना आता था नहीं हुआ यह तो ठीक है तुमको भी पत्र पढ़ कर अवश्य रोना आया होगा तुम्हारा लिखा पत्र एकदम मिल गये थे यह तीन बजे आये यह सुशील का पत्र पुराने नहीं दिये थे मैंने इससे पहले पढ़ा जब तुम्हारा लेकिन आंखों में पानी आने पर मुश्किल से सुना सके। फिर यह तो होना स्वभाव तुम्हारा स्वाभाविक ही है। तुमको अभी तक तो हमारे तीन पत्र ही मिले हैं हमने तीन पत्र और डाले हैं जो कि १०-१२-१४ ता. के लिखे हुए हैं वह पत्र भी तुमको हमारे मिल गये होंगे। क्या करें अभी तो हर समय तुम लोगों का ध्यान आता ही रहता है। पहिले जब तुम आने जाती थी तो हमारा तुम्हारे कमरे में मन नहीं लगता है लेकिन अब यह मन होता है कि इसी कमरे में बैठे रहें रात में कमरे में अंधेरा देख कर बड़ा दुःख होता है। हम हर समय कमरा भरा रहता था। आज तो मन जरा भी नहीं लग रहा है हर समय तुम सबों का ध्यान आता रहता है। जब से तुम गई हो शायद दाल भी तीन चार बार ही बनी होगी क्योंकि तुमको तो दाल बस अच्छी लगती है जरा सी दाल क्या बनाऊं। बस सब्जी बना लेती हूँ। और दही रोज जमा देती हूँ। तीन पाव दूध लेते हैं उसमें दूध थोड़ा सा आज जाने वालों की चाय थोड़ा सा ठीक हो जाता है। अब जब से तुम गई हो बस एक दूध का डबल रोटी लाते थे और एक १४ ता. को लाये थे जब सुबोध आया था क्योंकि लिखने दिन में डबल रोटी खराब हो जाती है इसलिए बिस्कुट मंगा को रख लिये हैं वही सुबह को ले लेते हैं। ठीक है सुनते थे कि वहां पर डबल रोटी सस्ती है लेकिन शायद सस्ती नहीं होगी बल्कि महंगी बहुत है। तुमने लिखा है कि दाल भी २८-२० की है किलो है अभी तक तुम्हारा सामान क्यों नहीं आया है सामान न आने से तुमको सब चीजों की बड़ी परेशानी होती होगी। सब सामान बाजार से मंगाना पड़ता होगा। ऐसी महंगाई में पिता भी ठीक चल जायेगा। तुम्हारे पास तो कपड़े थोड़ा भी पास में थोड़े से ही थे कैसे काम चलता होगा। और बिस्तर थोड़ा तुमको चादर का ठीक मिल गये होंगे। कोई परेशानी तो नहीं हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि तुम्हारा कोई परेशान होने तुम रहते पर क्या चलते रहता हो। तुमने लिखा है कि कपड़े थोड़े चाकू की बड़ी परेशानी है होटल की बजह से लोग भी सब बातों की परेशानी होती होगी शायद घर मिलने पर इतनी परेशानी नहीं होगी।

यहाँ पर रहने पर पानी खूब बरसा। तुमको तो पता ही है जब पानी बरसता है तो
गैस का व मेरा पर खूब पानी आता है एक दिन तो मैं मेरा पर कुछ तो खाना भी नहीं बना
सकी बड़ी परेशानी हुई और डर यह लगता था कि यदि ऊपर से पत्थर गिर गया तो गैस भी टूटेगी
और मेरा भी। बहुत सोचा कि और किसी जगह पर मेरा रखूं लेकिन कुछ समझ में नहीं आया कि
कहाँ पर रखूं। फिर मैंने वहाँ से मेरा तो निकाल दी। और शैल्फ भी जो मेरा किताबों की
दरवाजे पर लगा रही थी वह मेरा स्टोर में जहाँ पर पानी का घड़ा रखा था उस जगह पर
रख कर उस पर गैस रखी है और किवाड़ के बाहर में सैल्फ रखा है एक [illegible]
वह कुछ है सबसे नीचे के खाने में स्टील के बर्तन व चीनी के प्याले और बोतल रख लिये हैं
और बाकी भी जगह पर प्याज व चावल और रख कर खाना बना लेती हूँ। अब परेशानी
बिल्कुल नहीं होती है। और दरवाजे के सामने होने पर धोवता भी रहता है। और स्टोर भी
अब साफ रह सकता है जब कुछ एक मेरा छोटी व एक छोटी सी दराज रख ली है
दराज में बचा बोतल जो पत्थर पर रखे रहते थे वह रख दिये हैं। इन लोगों से एक
ज्यादा जगह भी बन रही है। तुम्हारे आने के दौरान बातीस को इन्होंने निकाल दिया था
तब तो पर आते थे कुछ नहीं कहा था यही बताते हैं कि अच्छा है निकाल का बढ़ाये भी
होते हैं। [illegible] रामदयाल के अब उधार और उसी सुधते रहते हैं। मगनलाल भी एक
दिन आये थे और रामदयाल से कहलाया था कि मेरे पास पत्र आया है रतनाम का
लिखा हुआ सब ठीक हैं। पिछले पत्र से तुम्हारी कुछ परेशानी ज्ञात होकर चिन्ता
हुई होगी जैसे सब ठीक हो जायेगा। यह तो यही कहते रहते हैं कि मैं भी तो
जिन्दा रहना चाहता हूँ क्योंकि उन सबको तो मैं एक बार और अपनी आँखों
से देखलूं। तुम मन को अपना स्थिर रखना। तुम अपनी रक्षा और देखते
रहना। तुम यह सब बस के हिसाब बताने भी भूल गई हो तुम्हारे आने पर
ध्यान आया। मन तो यह होता है कि लिखती ही रहूं। लेकिन पत्र भी बहुत
लम्बा हो गया है।

बच्चों को शुभाशीष देना। और तुम सब जहां पर ठीक होगे हम भी तभी
शान्ति व सुख मिलेगा।

तुम्हारी अम्मा जी
प्रकाश वती

मेरठ सिटी
२१। ६। १९८८

प्रिय बेटे शैल तुमको हमारा बहुत प्यार

तुम्हारा प्यार का पत्र मिला आज १२ ता. को मिला है पढ़ कर सब समाचार मालूम हुए यह जान कर प्रसन्नता हुई कि तुम्हारा दाखिला स्कूल में ही हो गया है। और अब तुम स्कूल जाने लगे हो तुम्हारा स्कूल कितनी दूर है। मेरा मन ध्यान से आया करता। सब यार नहीं पढ़नी होगी मकान से तो शायद दूर ही पड़ेगा। अभी तो तुम्हारा स्कूल में मन भी नहीं लगता होगा। क्योंकि वहां के बच्चों की बोली तुम्हारी समझ में नहीं आती होगी। बेटा तुम सब हमारे बहुत ही याद आते हो। याद करके रोना आ जाता है। ले ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम सब वहां पर खुश रहो यदि तुम वहां पर प्रसन्न होंगे तो हमको भी यहां पर खुशी ही है। तुम अपने बाबाजी को बहुत ही याद आते हो। बेटा तुम्हारे अच्छे भाग पर आते तो खुशी तो बहुत है लेकिन बच्चों की याद तो आती ही है। यह जान कर प्रसन्नता हुई कि तुम अब मकान में लगे तो उसमें फोन होगा और फोन से बात कर लिया करोगे। आज तीन साल बाद मिलने की इच्छा है हमको अपना शैल फोन ही रखना है वहां पर तुम खूब घूमोगे होंगे सो उसे फोटो खिंच कर भेजोगे तो हमको कितनी प्रसन्नता होती है ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम सब फोन करो और मौज़ से जियोगे। सब समय बड़ा गन्दा है। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा जी
प्रकाश वती

प्रिय बेटे सुशील सदैव प्रसन्न रहो चिरंजीव रहो

तुम्हारा पत्र देख कर बहुत ही प्रसन्नता हुई तुम्हारे बाबूजी तुम्हारे पत्र को बहुत ही इन्तज़ार देख रहे थे तुम्हारा पत्र मैंने तुम्हारे बाबूजी से पढ़वा लिया है यह जान कर प्रसन्नता हुई कि तुम सब आराम से पहुंच गये हो ईश्वर से यही प्रार्थना है कि वहां पर आराम से रहो और तीन साल बाद फिर वैसे ही पहले की तरह से रहें।

~~[illegible]~~
~~[illegible]~~
~~[illegible]~~।

मुझको तुम्हारा बहुत ही ध्यान आ रहा था क्योंकि मैं तुमको देख रही थी जाने वाले दिन तुम बहुत खुश थे और हमारी आंखों में पानी आ जाता था गम आता क्या करें अब तक इन्तज़ार देखते रहते हो कि एक साल पूरा हो रहा है अब तीन साल तक तुम्हारी प्रतीक्षा करनी पड़ेगा। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि यह तीन साल तुम्हारे और हमारे सुख शान्ति से बीतें और शीघ्र ही तीन साल आ जाएं। तुम सब वहां पर खुश रहो और खूब पढ़ो और तुम्हारी सालगिरह ६ जुलाई को है ईश्वर से हमारी बहुत शुभ कामना। और नया वर्ष शुभ हो। अच्छा बेटा खुश रहो। और पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा जी
प्रकाश वती

बेटी गुड़िया खुश रहो

तुम्हारा पत्र मिला। हां मैं ठीक रहने की कोशिश करूंगा। शायद कुछ दिन में ठीक हो जाऊंगा। तबियत तो लगानी ही है। मैं ने तुम्हारे दो फोटो बनवाकर तुम्हारी सहेलियों को देदिये। वो तुम्हारे पास भेज रहा हूं जैसा तुमने कहा है। शायद तुम एक नीरज को भेजोगी। उसको भी भेज दूंगा। मैं ने तुम कहो तो मैं यहां से 6 फोटो बनवाये थे।

तुम्हारी याद तो आती ही रहेगी। उसे कैसे भूल सकूंगा। हां तुम वहां खुश रहोगी तो मुझे भी कुछ चिन्ता कम होगी। मेरी इस उमर में तुम लोग मुझसे बिछुड़ गए हो यह तो मुझे बरदाश्त करना ही होगा जैसे भी होगा। तुम लोग वहां ठीक रहोगे मुझे खुशी होगी। वहां का हाल लिखती रहना। Birthday Card भी भिजवाया है।

तुम्हारा बाबा
[signature]
21-9-77

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 21 . 9 1977

My dear Sushil

we have received your letter and also letters from Gudya & Shalloo. I am glad they are feeling happy there. Yes, I have to pass this period of three years and shall try to keep up my health. I am sorry to know that the goods booked by you could not reach there by the time of writing your letters and I don't know if they have reached there even by now. I believe the delay is due to some checking by excise or security people. You must have been inconveniently handled by the delay as every thing has to be arranged from the market. The clothings with you were also inadequate. We shall be glad to have occasional talks on phone but I think it will be very costly. How is Shalloo? Is he well? I am glad he is going to school. I hope he will be able to grasp what they teach in English.

with love to all
Yours affly
DRGupta.

P.S. Your birth day is near on 6.10.77. We convey our blessings from a distance this time.
DRGupta

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 21. 9. 1977

बेटा शैलू। खुश रहो।

तुम्हारा पत्र मिला। मुझे खुशी है तुम स्कूल जाने लगे हो। कैसा लगता है वहां स्कूल में। और बच्चे तो सब अनजान होंगे। थोड़े दिनों में जान पहचान हो जावेगी। वहां की पढ़ाई और पढ़ाने वालों को जानने समझने में समय लगेगा। हां बेटा तुम्हारी चवन्नी। हां हां मैं चाहता हूं तुम पाकर फिर भी लो। मुझे खुशी होगी जब तुम यहां आकर मुझसे लोगे।

वहां Ink नहीं मिलती। क्या सब काम बौल पैन से ही करने होंगे। तुम तो अपने बौल पैन भी बेकार समझकर यहां छोड़ आये हो। मैं ठीक और खुश भी रहने की कोशिश करूंगा। शायद कुछ दिन में तुम लोगों की जुदाई बरदाश्त हो जावेगी। तुम लोग ठीक रहोगे तो मुझे भी खुशी होगी।

तुम्हारा बाबा
[signature]

Dhanpat Rai Gupta

VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

प्रकाश वती

Dated २२ । ६ । 197६

प्रिय बेटे सुशील सदैव प्रसन्न व चिरंजीव रहो - अनन्त तुम्हारी जन्मदिन की हार्दिक शुभ आशीर्वाद।
तुम्हारा २६ ता. का लिखा हुआ पत्र रामकृपाल जी से कल रात २८ ता. को मिला। इससे आज
तुम्हारे पत्र की बहुत ही आशा लगी थी लेकिन इन्तजार करते करते निराश हो गये थे। रात में जब उन्होंने
तुम्हारा पत्र लाकर दिया तो ~~अत्यन्त~~ अति हर्ष हुआ और सब समाचार ज्ञात हुए। तुम सबों के लिखे हुए पत्र
२५ ता. के हमको मिल गये थे हमने तुम सबों के पत्रों का उत्तर २२ ता. को दे दिया था तुमको वह पत्र मिल
गये होंगे। अब तो पत्र की ही आशा लगी रहती है। बेटे हमको भी तुम्हारी बड़ी याद आती है।
जैसे हमेशा से मेरे पास रहे। रहे हो अब तुम हम इतनी दूर हो गये हो। तीन वर्ष का इतना
लम्बा समय कैसे बीतेगा। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि यह लम्बा समय शीघ्र ही और
कुशल से बीत जाये और सब जगह ठीक रहें।

अभी नई जगह होने के कारण से अभी तो बहुत ही परेशानी होती ही होगी
कुछ दिन रहने पर सब ठीक हो जायेगा। तुम्हारा सामान में इतने दिन कैसे लग
गये हैं। और अब भी तुमको मिला नहीं है। पता नहीं बन्द रहने पर खराब तो नहीं
हुआ होगा। यह जान कर चिन्ता दूर हुई कि सोमा व मेरे दोनों बच्चे भी ठीक हैं
तुम्हारा पेट भी ठीक होगा पेट बदले की दवाई लेते रहना। तुमको वहां पर और कुछ
परेशानी तो नहीं है। वहां से बाजार कितना दूर है। जब तुमको मकान मिल जायेगा
फिर तो तुम्हारा ऑफिस दूर हो जायेगा। यहां पर सब लोग हमारा बहुत ध्यान रखते हैं
तुम हमारी ओर से कुछ चिन्ता मत करना। तुम्हारे लिये तो वहां पर सब नई जगह है।
२२ ता. को लिखा हुआ पत्र हमने रामकृपाल जी को दे दिया था उस पत्र में गुड़िया की दो फोटो
भी थी। बेटे हमको तुम सबों की बहुत ही याद आती है। हर एक बात २ पर ध्यान आता है
रहना तो मुश्किल है लेकिन यह शान्ति है कि तुम सब वहां पर ठीक हो। तुम्हारे बाबूजी ठीक हैं।

प्रिय गुड़िया शैल को हमारा बहुत सारा प्यार।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी
प्रकाश वती

प्रिय सरोज सदैव सौभाग्यवती रहो

इससे एक पत्र तुमको २२ ता० को लिखा है वह तुमको मिल जायेगा।

कल सुशील का पत्र मिला समाचार ज्ञात हुये। अब तो अब पत्र का ही सहारा हो गया है पत्र को देख कर बड़ी प्रसन्नता होती है। जब तुम सबकी बहुत ही याद आती है तो पत्रों को पढ़ कर ही बड़ा शान्ति होती है। समय बिताना बड़ा मुश्किल होता है कल सुषमा जी का भी आया था वह भी कहती थी कि इस बार सब को उनका पत्र आया है।

तुमको सामान न मिलने से बड़ी परेशानी हो रही होगी सारा सामान खरीदना पड़ा होगा। सुशील के पत्र से ज्ञात हुआ है कि सामान आ तो गया है लेकिन अभी मिला नहीं है सामान में इतनी देर बेकार ही हो गई है। पता नहीं सामान इतने दिन बन्द होने से खराब तो नहीं हुआ है। आज कल में मिलने वाला है। मन नहीं लगता है तुम्हारी व बच्चों की बहुत ही याद आती है। अपने जन्म दिन पर बच्चों को बहुत ही याद करते रहे। कहते थे कि यदि बच्चे यहाँ पर होते तो पहले बालकों को खाना खिलायेंगे। अब कुछ इतना है बच्चों को कुछ भेज भी नहीं सकता हूँ। तुम्हारी तबियत ठीक होगी। उपेन्द्र आये थे विचार पक्का करने को हमको बहुत कहते रहते हैं। हमारा विचार २४ ता० को देहरादून जाने का है क्योंकि चित्रा का ऑपरेशन होगा और उसको २ दिन तक तो अस्पताल में रहना ही होगा। हम शायद २४ अक्टूबर को जायेंगे और २६ ता० को आ जायेंगे। यहाँ पर भी तुमको सब याद करते रहते हैं।

तुम लोग धूप में बैठते तो वहां पर बड़ा अच्छा लगता होगा। अब की बार तो ऐसा मन होता है कि किसी तरह से जाकर तुम सब को देखलें। प्रिय बच्चों की बहुत ही याद आती है क्या करें रहना था अब सब साल देखना तो बहुत मुश्किल हो रहा है। अपना ध्यान रखना।

प्रिय गुड़िया प्रिय राहुल को हमारा बहुत सा प्यार। बच्चों को फिर पत्र लिखेंगे।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना। उषा के भी पत्र तुम्हारे ~~आपके~~ पास आते रहते होंगे। बहुत ठीक होगा

तुम्हारी अम्मा जी
&
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 28-9-1977

बेटा शैलू । खुश रहो

कैसे हो तुम? क्या करते रहते हो बेटा।
स्कूल में वहां की पढ़ाई समझ में आने लगी है या अभी नहीं। वहां खाना पीना कैसा चलता है। कुछ पसन्द आने लगा होगा। तुम्हारी याद करके ही रह जाता हूं। तुम्हारे लिये इतनी दूर से अब कुछ भी नहीं कर सकता। तुम्हारा खत मिल जाता है तो कुछ जी संभल जाता है। तुम्हारे पौधों को पानी दे देता हूं। अभी तो ठीक ही है। तुम्हारे पास कपड़े कम थे सामान देर से पहुंचा। कैसे कपड़ो को किया। वहां तो कपड़े धोने का भी साधन मुश्किल है। हवाई जहाज में खाने का क्या हुवा लिखना।

तुम्हारा चाचा

बेटी गुड़िया

खुश रहो। कैसी हो तुम? इधर उधर घर में तुम्हारे काम करने घूमने की ही याद आती रहती है। वहां तुम क्या करती होगी। वहां तुम्हारी जान पहचान को तो अभी कोई नहीं है। पढ़ाई भी अभी नहीं चली होगी। कैसे समय बीतता है। तुम्हारी बनाई तस्वीरें साफ करते रहते हैं हम। उन्हें रोज ही देखना चाहते हैं। वह तुम्हारी याद दिलाती रहती हैं। तुम लोग वहां कैसे भी रहो मैं इतनी दूर से कुछ भी नहीं कर पाऊंगा। यहां तो जो भी मुझसे हो सका किया वहां का तो हाल ही सुनकर सबर करना होगा मुझे। तुम ठीक रहोगी मुझे भी कुछ खुशी होगी

तुम्हारा बाबा
28.9.77

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 28. 9 1977

My dear Sushil

Your letter of 19th was received last night. I am glad to know that the articles have reached there. However I fear they must have been damaged for remaining packed for three weeks or more.

When you were here I had no worry. It was easy to meet the monthly bills in the first week of every month. Now I shall have to see to it. It is wrong to say you did not do anything for us. We passed a long time together and at this stage of my age it was necessary to have some one with us. I have decided to live here though alone. How are your memory and other things. I look

around and remember where you were in the house & how you all moved about. These are the memories which always help me to bear the lone life now. Gudya & Shelloo! I remember how they behaved and helped me to pass my time. Their memories are every moment before my eyes. I miss you all so much. It is in the hope to see you all again that I pass the days counting every day as it passes. This is nothing new here.

with love -
Yours affly
D R Gupta

P.S.
I can only send goodwishes from a distance on the occasion of your birth day falling on 6.10.77. I am sorry I can be of no use to you as you are in foreign land separated by huge distance.

D R Gupta,

Dhanpat Rai Gupta

VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २६ – ६ – 1970

प्रिय बिटिया गुड़िया तुमको हमारा बहुत प्यार –

बिटिया तुम्हारा ~~२४~~ २४ ता० का लिखा हुआ पत्र यहाँ पर हमको २९ ता० को मिल गया था हमने २२ ता० को तुम्हारे पत्र का उत्तर दे दिया था वह पत्र अभी तो मिला नहीं होगा। उस पत्र में तुम्हारा दोनों फोटो भी भेज दी थी।

बिटिया तुम आज कल क्या करती रहती हो अभी तुम्हारा नया का कुछ हो गया है या नहीं मन भी वैसे नहीं लग रहा होगा। तुम्हारे ड्राइंगरूम का देखने का बड़ा मन होता है हर समय बताती रहती थीं। यहाँ पर बाजार पर तुम्हारी बड़ी याद आती है। यहाँ पर अभी तो कोई भी चीज़ पर बहलाव जाती नहीं है नाविल वगैरा भी हिन्दी में नहीं मिलते होंगे। फिर मन भी कैसे लगे। तुम्हारा एक पत्र सविता पास में जो तुम्हारी सहेली है उसके पास भी पहुँच गया है वह सविता भाभी की वह बतलाती थी। लीला की तबियत भी खराब ही चल रही है। सावित्री जो बोयल की लड़की है उसके लड़के अमला (गुड्डू) का रिश्ता कैलाश की लड़की शिरना से हो गया है। नवम्बर तक शादी हो जायेगी। बिटिया तुम्हारी याद तो हर समय ही आती रहती है कैसे भूल सकते हैं। हर एक बात में तो ही याद कर लेते हैं। हो तुमको भी हमारी याद अवश्य आती होगी। अब तो यही सोचते हैं कि कैसे भी पास दूर रहें तुम लोग भी हम से दूर होता तो शायद इतनी याद न आती। वह तीन वर्ष का लम्बा समय कैसे बीतेगा। सब कहते हैं कि तीन साल जल्दी ही आ जायेंगे। तुम दोनों तो सब देखते होगे लेकिन अंग्रेजी में अभी तो कुछ अच्छा नहीं लगता होगा तुमने वहाँ पर सिनेमा वगैरा भी देखा है। बाजार वगैरा कितनी दूर पर है। बाहर वगैरा सब कैसे है मन होता है कि एक बार जाकर सब देख लें। लेकिन कुछ बस नहीं चलता है।
अपनी बच्ची का ध्यान रखना वह कैसी होगी। तुम्हारे बाबाजी तो तुम लोगों को याद करके कभी कभी बहुत ही परेशान से हो जाते हैं। अपने जन्म दिन पर तुम सबको बहुत ही याद करते थे। तुम्हारे बाबाजी का तुमको आशीर्वाद व प्यार।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी

प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 25 - 3 - 197

प्रिय बेटे शैलू तुमको हमारा बहुत सा प्यार।

बेटे तुम्हारा १५ ता० का लिखा हुआ पत्र मिला हमने तेरा [illegible] था यह तुमको मिल गया होगा।

बेटा तुम स्कूल जाने लगे हो अब तो तुम्हारा मन स्कूल में लग गया होगा वहां पर क्या होमवर्क [illegible] बन है या नहीं। बेटा अब अपने बाबा अम्माजी को तीन साल तक के लिये भूल जाओ। ईश्वर ने चाहा तो तीन साल रहकर लन्दन से लौटकर पर सब लोग कुशल से मिलेंगे। यही ईश्वर से प्रार्थना। अब तुम्हारी तबियत कैसी है। तुमने अपनी बिमारी के बारे में कुछ नहीं लिखा है तुमको वहां का कैसा लगता है जहां रहकर तुम खुश हो गए मामाजी को हमको सब बतलाना वहां पर तुमने क्या देखा है।

लोगों ने लिखा था कि वहां पर डबल रोटी ज्यादा ही खाई जाती है हम तो यहां पर यही चाहते थे कि वहां पर तो बहुत ही सस्ती है जैसा [illegible] हम तो अब डबल रोटी बहुत ही कम खाते हैं महंगी है। कोई [illegible] बनाने को मन नहीं करता है रक्षा को पूरी पापड़ की परवाह कोरा बनाया करता था पर तुम्हारी बहुत ही याद आती रही चलते रहते थे उसमें भी खूब [illegible] बनाना। अब यह जानने कब आकर रहोगे। तुम लोगों को याद करके बड़ी परेशानी सी होती है बेटा तुम ठीक रहना और मन लगा कर रहना अब कुछ दिन तो हमको भूल जाओ। कल तुम्हारे पापा का पत्र मिला। पत्र पढ़ कर हमें भी बहुत दुःख हुआ और याद करके रोना भी आया। खैर यह तो स्वाभाविक बात है हो रहे लिखने से क्या होता है।

पत्र जल्दी डालते रहना। अपनी मम्मी के संग में ताश खेलते रहना। हमको याद आता है कि [illegible] ताश खेलते रहते हैं और तुम अपने बाबाजी से [illegible] क्योंकि फिर [illegible] के बाद में नीचे का ताला बन्द करना होता है। तुम तुम्हारे [illegible] की कोई चिन्ता नहीं की। तुम्हारे बाबाजी का तुमको आशीर्वाद बहुत सा प्यार। जवाब शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 197

प्रिय बेटी गुड़िया तुमको हमारा बहुत सारा प्यार

तुम्हारा १८ता. का पत्र मिला हुआ हमको कल २१ता. को मिला है। हम भी तुमको यह नया पत्र लिख रही हूं। और हमारे पत्र भी तुमको मिल गये होंगे। यहां पर भी नीरजा का पत्र मेरे पास आया है उसने लिखा है कि गुड़िया का पत्र भी मेरे पास आया है लेकिन अभी उसका वहां पर मन नहीं लग रहा है। नीरजा शायद नौकरी की ओर से ३ महीने के लिये टूर पर जायेगा। गया बम्बई मद्रास और भी कई जगह जायेगा। लिखा है कि बेटी हुइया १० अक्टूबर से १४ नवम्बर तक है। फिर वे यहां नोयडा को मेरठ आऊंगा। उनको यही चिन्ता है उनका हमारे पास मन कैसे लगेगा। और हमारा विचार भी १५-१६ अक्टूबर को देहरादून जाने का है क्योंकि चित्रा का ऑपरेशन होगा। और उनका पत्र आने पर जाने का लिखेंगे। निर्मला ३ता. को यहां पर आ रही है पता नहीं पप्पू भी आयेगा क्या। २३ अक्टूबर को निर्मल के बाबूजी के भाई की शादी बम्बई में है निर्मला को विचार बम्बई जाने का हो रहा है शायद साथ में पप्पू भी जायेगा। यह पढ़ कर बहुत ही खुशी होती है कि वहां पर जगह बहुत ही सुन्दर है गुड़िया यह तो ठीक है अपने घर के सभी होते हैं तभी अच्छा लगता है। फिर हमें बहुत ही खुशी होती है कि हमारे बच्चे इतनी अच्छी जगह गये हैं किसी को बतला भी गर्व होता है अच्छा है खूब खाते पीते रहो और खूब घूमो। और फिर चार साल बाद फिर यहीं हमारे सबको बता आये।

चिन्टू का घर तुम्हारे से कितनी दूर पर है कार ले गई होंगी। तुमको तो गाने सुनने का बहुत ही शौक था अब पता नहीं कब तक सुन सकोगी। यह भी कैसे लगा जो यहां नौकर भी नहीं है और ना रिश्ते के जाने लोगों सुन सकी हो। घर निपट क्या करती रहती हो। १३ता. को अनुज व अनुपमा जी भी मैंने उनको तुम्हारा पत्र भी दिया था और उसके तीन चार दिन बाद २ फोटो भी दे दी भी यह फिर शायद १८ता. को आई थी। वह भी कहती थी कि हमने १८ता. को गुड़िया को पत्र लिख दिया है उसका भी पत्र अब तुम्हारे पास पहुंच गया होगा उसने शायद २२ता. को तुमको पत्र लिखा है। और कोई विशेष बात नहीं है उषा रोज मेरे पास आती रहती है इससे जरा समय बीत जाता है। मधु यहां पर आया था एक बार को २ घंटे के लिए रहा लौट गया था। वह कहता था कि हमने भी पत्र लिखा है। और सबको को कोई समाचार नहीं है। गुड़िया तुम अपना खूब ध्यान रखो हमें तभी शान्ति व खुशी है कल जरा पत्र जल्दी २ लिखती रहती हूं। १२ बजे से २ बजे तक टीवी देखती रहती हूं। भोजन का ध्यान रखना उसको निपटाने को एक सब्जी लाना पड़ गया है। खाना वगैरा बनाने के लिये गैस होगी वहां पर तो भोजन को खाना बनाने में परेशानी नहीं आता होगा। गुड़िया पत्रोत्तर शीघ्र ही देना बस यही हमारी तुम लोगों से प्रार्थना है। हम बिल्कुल ठीक हैं

तुम्हारी अम्माजी
उनका भी

हमारी ओर से कुछ चिन्ता मत करना।

Dhanpat Rai Gupta

VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २ — २ — 197६

प्रिय दिदिया सोना सहित सौभाग्यवती रहो

तुम्हारा पत्र मिला समाचार ज्ञात हुए। इसको अब तुम्हारा तीसरा पत्र मिला है और
वहां के पत्र आने में समय तो लगता ही है। हम यहां पर बिल्कुल ठीक हैं तुम हमारी ओर से कुछ चिन्ता
मत करना। बस तुम लोग तो ऐसी जगह पर हो जहां पर अपना कोई भी नहीं है तुम चारों अपना
ध्यान रखना भी। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम सब ठीक रहो और बहुत खुश रहोगे। तो हमको
भी खुशी होगी। तुम्हारा अभी मन नहीं लगता है धीरे-धीरे मन लग जायेगा। लेकिन इतना परेशान
होना चाहिये इसमें घबराने जैसी कोई बात तो नहीं है। तुम्हारे पत्र से ज्ञात हुआ कि सामान तो
आ गया है लेकिन अभी तुमको मिला नहीं है। सामान न होने से रहन सहन थोड़ा तो भी परेशानी
हो रही होगी पता नहीं इतना ज़रूरी सामान मिलने में क्यों देर लग रहा है। गुड्डा लिखता है कि
गाड़ी वेन का रोटी बनाती हो वह भी तो ज़्यादा होगा गुड़िया को तो परांठे अच्छे लगते थे वह
बिस्कुट रोटी कैसे खाती होगी। और सब सामान बाज़ार से मँगाना पड़ता होगा और वहां पर
कोई सामान बहुत महंगा है क्योंकि तुम्हारे पास अपना है। पता नहीं बंद होने से सामान खराब तो नहीं
हुआ होगा। हम लिखते इतने अच्छे थे यहां पर छोड़ गये वहां पर अब सब याद थे आ जाते। यही
डर था कि न कहीं ज़्यादा सामान न हो जाये। और सोचा था कि वहां पर अच्छे रहेंगे। लेकिन अब
तो तुम्हारा कैसे ही ज़्यादा खर्चा हो रहा है अभी तो खरीदने की मुश्किल है। और अब तो वहां पर
शायद स्वेटर की आवश्यकता पड़ने लगी होगी। यह तो हमने भी सुना और ऐसा भी सुना कि बस
की जगह पर गाड़ी में डिब्बे से रोटी बेलना हो यह कुछ दिक्कत चली। अपना सब सामान होते
हुये भी परेशानी उठाना पड़ रही है। जैसा कि मैंने तुमको एक पत्र में लिखा है कि बारिश की वजह से
लोग घरों से मैं न निकल दी है और गैस सिलेंडर का धुआं रखा रहता था। शील की छोटी
मेज़ यहां पर रख कर खाना बनाती हूँ। पत्थर पर पालथ बैठा। और चीनी के बरतन तो सब रख
लिये हैं वह मेज़ इसने अपने कमरे में रख ली है यहां पर अपने की मेज़ लग रही थी। वैसे तो वह
मेज़ खाना खाने के लिये अच्छी है लेकिन खाना खाने वाला रहता है हीं कौन।

उपेन्द्र आता रहता है मञ्जु पहरवा याद गई है। शायद दशहरे पर आयेगा। गुड्डी पढ़ती है और
ठीक है।

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL
152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 197

तुम अपना ध्यान रखना तुमने साल बाद आना पहला होगा पत्र आये होंगे यहां दो की ग्यारह तारीख का पत्र आता थो। अपनी सब की कुशल लिखती रहना और तुम अपने स्कूल खुश व ठीक हो हर रहने में बहुत शान्ती है हमको ठीक ही है। और तुम सब से मिलने की आशा लगाये बैठे को ठीक रहना चाहते हैं। रोज़ ही हम सोचते तुम सबको को याद करके बातें करते रहते हैं अब तो पता नहीं वह दिन कब आवेगा। शायद ~~बैठे~~ दुनिया को निपटा जा रहा है उसमें कुछ दिन तो पर लगेगा। तुम्हारे बाबूजी को तुमको आशीर्वाद। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी
प्रकाश वती

प्रिय बेटे कुणाल सदैव प्रसन्न व चिरंजीव रहो।

तुम्हारा पत्र मिला समाचार ज्ञात हुए। तुम्हारा सामान मिलने में बहुत ही टाइम लग गया है पता नहीं क्या बात है तुम तो कहते थे कि १ हफ्ते से पहिले मिल जायेगा। तुम हमारी ओर से चिन्ता मत करना हम तो ठीक हैं बस तुम अपना ध्यान रखना। और परेशान मत होना परदेश में हिम्मत से ही रहना पड़ता है। मैं तो तुमको कहा सोचती थी कि कुणाल तो सीधा है। लेकिन अब मुझको विश्वास हो गया है कि आप में होशियार भी हो इससे मुझको खुशी है। अच्छा है बेटे बेटे इस्कार भी रहा ले सब ठीक ही है। तुम्हारा मकान मिलने पर मौलिक छूट हो जावेगा फिर तो कैसे आया करोगे। शेष तो स्कूल की छुट्टी हो जावेगी। गुड़िया चिरंजीव तो अभी कुछ नहीं बताई इतना यह साल बेकार ही गया है यह बड़ी खुशी होती है मकान मिलने पर फिर तो फोन से बातें कर लिया करेंगे गत अपने बच्चों की आवाज़ तो सुनने को मिलेगी। अब तो आवाज़ से कौतूहल गये हैं। तुम सब बहुत खुश रहोगे तो हमको यही बहुत खुशी है। और होशियारी से रहना। तुम्हारे बाबूजी को आशीर्वाद।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta

VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

प्रकाशवती

Dated १-१०-1976

प्रिय बेटे शील तुमको हमारा बहुत सा प्यार

तुम्हारा १० ता० का लिखा हुआ पत्र हमको २६ सितम्बर को मिला है पढ़कर सब समाचार मालूम हुए। तुम्हारे अभी तक २ पत्र हमारे पास पहुँचे हैं तो सब पत्रों को नहीं मिला है। बेटे तुमने तो हमारे कई पत्रों का उत्तर लिखते हैं हम तो अब तुमको ७ वां पत्र लिख रहे हैं। और तो कुछ पत्र नहीं आते होंगे। तुमको तो कुछ याद भी नहीं है। मैं तो चाहती हूँ कि तुम्हारे रोज ही पत्र पढ़ने को मिलते रहें अब तो पत्र पढ़ कर ही थोड़ी शान्ति सी मिलती है हमारे और कुछ पत्र भी मिल गए होंगे। तुमको तो समय कितना कम प्रतीत होता है। अब तुमने पढ़ाई की पाबन्दी लगा दी है पत्र पढ़ना तो भी नहीं सकती हूँ। खाना वगैरा बनाने में कुछ भी अच्छा नहीं लगता है दाल तो मैं बहुत ही कम बनाती हूँ। तुम्हारे लिए दाल तो रोज बनाना रहता था कि यदि दाल नहीं बनाऊंगी तो शील नाराज हो जायेगा। तुम्हारे नानाजी से बात कर लगता था कि अब तुम स्कूल कौन तरह से चले जाते होंगे तुम्हारे स्कूल कितनी दूर पर है तुम्हारे स्कूल में [illegible] है या नहीं। मकान से बाहर निकल कर तो तुमको अजब लगता होगा क्या स्वेटर वगैरा पहनने की जरूरत पड़ती है। तुम्हारा सामान तो अभी तक पहुँचा नहीं था पता नहीं अब भी मिल गया है या नहीं सामान के बिना बड़ी परेशानी होती होगी।

तुम्हारे नानाजी रोज पौधों को पानी देते हैं क्योंकि तुमने कह दिया था कि मैं आकर पौधों को देखूंगा। तुम अमरीका में सेब नाशपाती वगैरा मिलते रहते होंगे। क्योंकि वहां फल वगैरा की कमी तो नहीं है। शील तुम सब की याद तो बहुत ही सताती है। यहाँ [illegible] इतना लम्बा समय कैसे बीतेगा। तुम अपने शरीर का ध्यान रखना। [illegible] होता है यह जगह बहुत सुन्दर है मन होता है कि किसी तरह से आकर देखें। लेकिन हिम्मत से रहना है अच्छा है तुम सब वहाँ पर खूब खुश रहोगे हमें इसमें ही बहुत खुशी है।

तुम्हारे बाबाजी का बहुत सा प्यार। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना। मैं तुम्हारा पत्र पढ़कर बोर नहीं होऊंगी।

तुम्हारी अम्माजी

प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 1.10 1977

बेटी गुड़िया। खुश रहो।

तुम्हारा पत्र जो सुशील के 19.9.77 के पत्र के साथ था वह 28-9-77 को मिला। इस से दो दिन पहले सुशील का दूसरा पत्र जो भी 19.9.77 का था मिल चुका था।

मैं तुम्हारे लिये Col. Ranjit की नई किताब आज खरीद कर परसों भेज दूंगा। किसी के हाथ सोमवार दिल्ली भेजूंगा। शायद इस के साथ ही पहुंच जायेगी। मैं ने तुम्हारे पास फोटो भेज दिये हैं पहुंच गये होंगे। मेरे पास तुम्हारे दो फोटो और हैं उनमें से नीरज को दे दूंगा।

सामान अब तक पहुंच गया होगा। देर क्यों हुई खबर नहीं। आगे भी तुम्हारी जो किताब कहो भेजूंगा।

तुम्हारा बाबा
[signature]

1.10.77

बेटा शैलू। खुश रहो।

तुम्हारा पत्र मिला। हां जब तुमने पत्र लिखा रात को 11 बजे वहां उस समय मैं यहां 8.30 बजे सुबह खाना खा रहा हूंगा। पर तुम्हारी याद करते हुवे ही। हम यहां तुम्हारे आने की इन्तजार में ही दिन काट रहे थे। कल तक महीना हो जायेगा। तुम ने नहीं लिखा खाना वहां ठीक मिलता है या नहीं। स्कूल का क्या हाल है। वहां और बच्चों से बात कैसे करते होगे। बेटा वहां बहुत समझ से रहना पड़ेगा। वहां तो बिलकुल अनजान देश है। कोई मदद करने को नहीं। मैं यहां बेबस हूं। यहां से कुछ कर नहीं सकता। तुम वहां ठीक रहोगे तो मुझे कुछ खुशी होगी। अपना सब हाल लिखना।

तुम्हारा बाबा
[signature]
1.10.77

1.10.77

My dear Sushil

Recd your another letter of 19.9.77 sent by home address. It was received two days after the another one of the same date sent through office. I have already replied the letter.

I shall also talk to Rakesh in connection with the luggage. You may write the details to me and I shall arrange. If Rakesh cannot do this I shall try to do. It shall be good if some articles are sent to you.

Things are as usual here, but we are missing you all and relish nothing. However, time has to be passed some how and we are trying to do so. How was the delay in the delivery of your goods? I hope you must have got them by now.

with love
yours affly
[illegible]

मेरठ सिटी
५/१०/१९७७

प्रिय बिटिया गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार

२२ ता० का लिखा हुआ तुम्हारा पत्र कल ४ ता० को मिला है। पढ़ कर सब समाचार मालूम हुये। तुमने पत्र में यह नहीं लिखा है कि तुम्हारा सामान भी मिल है या नहीं। सामान के बिना बड़ी परेशानी हो रही होगी। ऊषा ने तुमको पत्र शायद १८ ता० को लिखा है अब तुमको उसका पत्र मिल गया होगा। २ ता० को तो यहाँ पर हड़ताल रही। १९ को मन्जु व अनुपमा आ गई थी उसके [illegible] पर ऊषा आ गई [illegible] पर उपेन्द्र आ गये और उपेन्द्र के [illegible] रोमा आ गई थी वह शाम को वापस चले गई। अभी तक मन्जु अनुपमा के [illegible] तुम्हारा कोई पत्र नहीं पहुँचा था। रोमा के पास तुम्हारा पत्र पहुँच गया था वह बहुत खुश [illegible] में पत्र लिखा है शालिनी ने अंग्रेजी में लिखने को कहा है। तुम्हारे लिये [illegible] बहुत [illegible] है लेकिन तुम्हारे पास [illegible]। [illegible] कि मैंने तुमको १ पत्र में लिखा था कि [illegible] लेकिन वह अभी आई नहीं है [illegible] गया है [illegible] शायद [illegible] में [illegible]। हमारा विचार भी २१-२२ ता० [illegible] जाने का है [illegible] ता० को चलेंगे।

यह [illegible] कि तुम [illegible] लोगी। [illegible] तुम [illegible] यह [illegible] है तुमको तो [illegible] भी नहीं है। [illegible] यह अच्छा है [illegible] और तुम्हारा [illegible] भी लगेगा। यहाँ या [illegible] तुमको सब याद करते हैं और हमको तो तुम सब हर समय ही याद आती रहती हो। [illegible] याद आती रहती हो। तुमको [illegible] देखने का बहुत ही शौक था [illegible] तुम्हारे साथ [illegible] सुशील को पत्र उन्होंने [illegible] दिया था सुनीता को भी सुशील [illegible] था वह कहता था कि पता नहीं [illegible] रहा है यहाँ पर [illegible] लिखना था [illegible] लेकिन [illegible] नहीं है। [illegible] बहुत [illegible] है तुम भी [illegible] रहो और [illegible] भी [illegible] पड़ेगा अब तुम [illegible] याद तो आती ही रहती है लेकिन यह समय [illegible] है [illegible] तीन साल [illegible] लेकिन [illegible] समय [illegible] है। प्रिय सुशील [illegible] तुमको १ ता० को पत्र लिखा है पहुँचा होगा [illegible] पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी [illegible]
[illegible]

प्रिय बेटे शैलू तुमको हमारा बहुत सा प्यार

तुम्हारे बाबाजी के पास तुम्हारा पत्र कल ४ ता० को मिला है समाचार मालूम हुये। तुम सब ने १९ को पत्र लिख रहे हो तुम इतनी देर तक जागते रहते हो अपने कमरे में अकेले सोते हो या गुड़िया के कमरे में यहां था तो सब [illegible] अच्छा लगता था अब रात में तुम सबकी बहुत ही याद आती है तुमको वहां भी [illegible] टेलीविजन [illegible] लगता है और यहां [illegible] होता है। वह मकान जो तुमने देखा है उसका क्या हुआ वह गुड़िया को क्यों नहीं पसन्द आया है [illegible] तुम बहुत लिखते हो। पढ़ाई की चिन्ता [illegible] तुम्हारा [illegible] है। अब तुमको [illegible] वहां का सब [illegible] हो जायेगा हमारा मन भी तभी लगेगा। अभी तो तुमको परेशानी हो रही है [illegible] याद तो तुम सब को हमेशा ही आती रहेगी। यह तीन साल तो किसी तरह से बिताना ही है। अच्छा बेटे तुम सब बहुत ही खुश रहो हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना बेटे।

तुम्हारी [illegible]
[illegible]

बेटा शैलू। खुश रहो।

तुम्हारा 22.9.77 का पत्र कल मिला। बेटा तुम्हारी याद हर समय आती है। क्या करूं यह तो रहेगा ही। जब तुम वापिस मेरे सामने आ जाओगे तब ही मुझे शान्ति मिलेगी। तुमने जिस मकान को लिखा है वहां वह गुड़िया को पसन्द क्यों नहीं आया। तुम लोगों के स्कूल से और सुशील के दफ्तर से पास भी होना चाहिये। अच्छा है सब की ही पसन्द का मिल जावे। स्कूल का क्या हाल है? अभी तो परेशानी ही होगी। खाना वहां कैसा चल रहा है

तुम्हारा [illegible]
[illegible]
5.10.77

बेटी गुड़िया । खुश रहो ।

तुम्हारा पत्र कल ही मिला जो तुम
ने 22.9.77 को लिखा था । देर
से भी देर से ही पत्र मिलता है ।
पूछा है तुम वहां कुछ सिखने
जाना चाहती हो । तो मौज कैसे
जाना होगा । बेटा वहां बहुत
होशियारी से रहना होगा । दूसरा
देश है । वहां कोई मदद करने
वाला नहीं है । खुद ही समझ
कर रहना है । तुम ने नहीं लिखा
पूरा सामान मिला या नहीं ।
इतना समय क्यों लगा पता
नहीं । मैं तो इतनी दूर
बैठा सोचता ही रहता हूं । कुछ
कर नहीं सकता । तुम्हारी एक
किताब खरीद कर कल मैंने
भेजी है । पहुंच जावे तब ही जो
ठीक मिले तो फिर और भेजूंगा

तुम्हारा बाबा
[illegible]
5.10.77

यहां काट कर खोलिए TO OPEN CUT HERE →

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD



Shri S.K. Bansal
SAS. Accounts. D.C.
Embassy of India
Washington D.C.
U.S.A.
c/o Diplomatic Bag Section
Ministry of External Affairs
South Block
पिन PIN New Delhi

पहला मोड़ FIRST FOLD

दूसरा मोड़ SECOND FOLD

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDRESS :—

Ghanpat Rai Gupta
152, Vijaynagar
Meerut
India

पिन PIN

लोगों को भी मेरे पास पत्र आया था। निर्मला को दुलारी ने यहाँ पर आने को कहा लेकिन निर्मला आराम से अभी तो नहीं आई है। बहू निर्मला पर गुस्सा सहित कहलो देना
अच्छा पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी मम्मीजी
प्रकाशवती

प्रिय बेटे शैल तुमको हमारा बहुत बहुत प्यार।

तुम्हारा २८ तारीख का लिखा हुआ पत्र हमको कल ५ तारीख को मिल गया है सबके और बच्चों के फोटो को देख कर बहुत ही प्रसन्नता होती है और बार बार देखने पर भी मन नहीं भरता है यह जान कर प्रसन्नता होती है कि अब तुम्हारा स्कूल में मन लगने लगा है और अब दोस्त भी बनने लगे हैं यह अच्छा है वहां पर नाश्ता मिलता है यह तो अच्छा है तुम टिफिन नहीं लाते हो घर से तो केवल चाय टोस्ट बिस्कुट ही खा कर जाते होगे। रास्ते में ज्यादा भीड़ भाड़ तो नहीं होती है स्टेशन पर कितनी पैदल चलना होगा। जरा रास्ते में संभल कर जाया करना।

तुम रोने तो नहीं लगते हो या फिर भी पत्र पढ़ कर कुछ कुछ याद आ कर कुछ खुशी से रोना आ ही जाता है। खैर अब तो तुम्हारे बारे में खुशी ही है क्योंकि सब लोग कहते हैं कि वहां से बच्चे बहुत होशियार होकर आयेंगे। और बाद में उसमें ही सब बात दूर हो जायेगी क्योंकि सब के लिये वहां पर आना जाना आसान है। हमारी इच्छा तो हमारे साथ रहने की है नहीं तो हम लोगों से ऐसे अलग नहीं हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि खुशहाल तो सब ही रहना हो। और तुम लोग २ साल बाद यहां से बोल कर घर आ जाओगे। यही चिन्ता है। फिर तो तुमको हिन्दी बोलने की आदत कम हो जायेगी। फिर से कैसे बात करा करोगे। खैर यह सब बातें तो बाद की हैं।

अब तुमने इतना समझाया है तो डबल रोटी खानी ही पड़ेगी। वैसे अब ऐसा कुछ ध्यान भी नहीं आता है। यह अच्छा है वहां का डबल रोटी ज्यादा मोटी नहीं है। यह सोच हम लोगों को पसन्द आई है। अच्छा बेटा अब तुम खूब मन लगा कर पढ़ना क्योंकि तुम्हारी बात इंग्लिश में कमजोर हो ऐसा न हो कि तुम इंग्लिश के बारे में आशा में रह जाओ। बेटे अब तक बाग में फूल खिल रहे हैं ४-५ तो गुलाब के फूल हैं और सारा बहार पर तो बहुत ही फूल खिले हुए हैं। तुम्हारे नानाजी कहते रहते हैं कि फूलों को देखने का शैल बहुत शौक होता था पर इस बार अकेला ही हो जाता है। अच्छा पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी मम्मीजी
प्रकाशवती

[illegible]

[illegible] मेरठ (जेल)

[illegible]

प्रिय बिटिया गुड्डो हमारा बहुत सा प्यार व आशीर्वाद

जल्दी जावेगा वहां पर है नागपाल रतन लोगा।
जनाबे ने पवन का युद्ध व्यवस्था में
परेशानी हो रही है इसी लिये ज्ञापन बन्द पड़ा है
यहां पर पटवारी जी व और सब लोग
ठीक हैं। और हमारा यह लोग सब बहुत ध्यान रखते हैं
वैसे हमको यहां पर कोई परेशानी नहीं है मिलने की
जितना आप को कहते हैं वही कर देते हैं। हम
दोनों बिल्कुल ठीक हैं। ईश्वर से प्रार्थना है
कि वहां पर तुम सब भी ठीक रहो। बहू को गुड्डा की
शैलजा बबलू के विचार घर पर आते रहते हैं।
और बहुत ही कहते रहते हैं कि यह लेना बना रहे।
राम दयाल जोशी २-३ दिसम्बर को बहुत पहले
अपनी ये पत्नी के साथ आवेंगे।
पत्रोत्तर शीघ्र ही देना। तुम्हारा शुभचिन्तक
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २०।१२।७८ 1978

प्रिय बेटे शैलू तुमको हमारा बहुत सा प्यार

तुम्हारा पत्र आया था हमने उत्तर दिया था तुमको मिल गया होगा। कल कुशाल का पत्र से तुम्हारे दोनों फोटो भी मिल गए हैं। फोटो दोनों बहुत ही अच्छे हैं और मन तो यह होता है कि बस फोटो देखते ही रहें। तुमने अपने कैमरे से फोटो खींचा है या खिंचवाये हैं यदि अपने कैमरे से खींचा है तो फोटो बहुत ही अच्छा है। तुम हमारा फोटो देखने को लिखते रहते हो लेकिन कल फोटो खिंचवाने जाते तो तुम्हारे बाबा जी टालमटोल करते रहते हैं कभी खिंचवायेंगे तो भेजेंगे।

तुम्हारी पढ़ाई ठीक चल रही होगी अपना खूब ध्यान रखना कपड़े वगैरा खूब पहन कर बाहर जाया करो। सेहत का भी ध्यान रखा करो। तुम्हारी पढ़ाई ठीक चल रही होगी।

तुम्हारे रिजल्ट से छुट्टियां तब से होगी यहां
पर तो आज तक खूब सख्त गर्मी हो रही होगी

तुम्हारे बाबाजी का पैर ठीक है। बस
तुम्हारे बाबाजी को तो यही चिन्ता होगई पिछले
दिनों में बड़े कमजोर हो गए हैं। दादी से
क्या ठीक पता चलता है। यहां पर गरम बहुत
होता है कुछ दिन पहले गर्मी खूब ज्यादा रही

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना

तुम्हारी अम्मा (दादीजी)
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 11.12. 1978

बेटे जुडिथा / [illegible] खुश रहो

तुम्हारा Photo देखा जाता है तुम को Painting का time मिल ही जाता है। यहां तो आजकल भी रखना ही जाना था!

तुम्हारे western Culture के manager कैसे यह Grand Parents की बात करते हैं। यह भाषा कभी। Indian Culture को।

नहीं समझाते हैं इसलिये
उन को grand parents
से न प्यार हो सकता है न
वह इस प्यार को समझते
हैं। तुम उन से इस प्यार के
बारे में न बोलना।

तुम्हारी सहेलियाँ भी कुछ
दिन से नहीं मिली हैं। शायद
उन को time न मिलता हो।
वह सब अलग अलग
पढ़ने जाती है कोई university
में कोई college में।

तुम्हारे बाबा
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 11.12. 1978

My dear Sushil
Recd your letter of 30th November along with his photo copies. If there was nothing wrong with the Camera used for the purpose your right-arm shows you had some trouble with it as it appears to be very thin. Shallow though not clear in the picture it shows his lower jaw

drawn down. Why this
is so I can't understand.
Mr. O. P. Bhatnagar was
expected on 9.12.78
but has not come by
now. At least I have
no information of his
arrival. Mr. J. M. Bhatnagar
and myself are opponents
in a case coming on 14th.
We shall have full opportunity
then to talk about
this.

with love
Yrs affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 11.12. 1978

मेरा मौनू (विशरद)

तुम्हारा Photo मिला है। देखने से तुम्हारा नीचे का होंठ काफी लटका दिखता है। क्या हुआ है? फोटो तो कुछ साफ नहीं है पर यह जरूर बतलाता है कि होंठ में कुछ खराबी हुई है। चोट है या कुछ और हुआ है।

यहां आजकल कुछ ठंड ज्यादा है। फिर हमारी

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 197

प्रिय मीनू खुश है। दिल

लगा ठंड बरदाश्त भी

नहीं हो रही है। वैसे

दिन में धूप रख करदेता

है पर धूप के बाद

बहुत ठंड है। वहाँ तो बरसा

हाल होगा। आज कल ठंड के

होगा। वहाँ की ठंड पैदा

हुआ तुम को परेशान करेगी

ख्याल रखना है।

तुम्हारा बाबा

[signature]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 9.1.72 197

प्रिय चिरंजीव गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार

ईश्वर से प्रार्थना है कि तुम सबको को नया वर्ष सुख शान्ति हो हमारी दोनों की नये वर्ष की शुभ कामनायें।

तुम्हारी पढ़ाई के काम ठीक चल रहा होगा तुम्हारा यह नया [illegible] ठीक होगा। यह तो इतना परेशान नहीं करता होगा।

तुम्हारे पास उषा का पत्र पहुँच गया होगा उसने अपने उत्तर की इंतज़ार है। शायद तुमको लिखने का समय नहीं मिला होगा।

और दिनेश से अनुपमा कोटा नहीं आये हैं पता नहीं पी.एच.डी में आये हैं या नहीं रिजल्ट तो आ गया है।

हम यहां पर बिल्कुल ठीक हैं बस तुम सबको की याद आकर ही परेशानी सी हो जाती है वैसे बस ठीक ही हैं।

तुम लिख रहे [illegible] पड़ने लगा जाड़ा [illegible] वहाँ
पर तो बहुत ही जाड़ा होगा।

यहाँ पर [illegible] गरम होते हैं उनका [illegible]
शादी २८ फरवरी की है और मंगनी की
[illegible] की है।

समाचार शीघ्र ही देना।

तुम्हारी [illegible]
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

शुभ सेवा श्री बड़े भैया जी
शुभ आशीर्वाद

Dated २६।१२।197८

प्रिय गिरिजा सपुत्र सदैव सौभाग्यवती रहो।
ईश्वर से प्रार्थना है कि शुभ सेवा श्री बड़े भैया [illegible] हो। मैंने तुम्हारा पत्र लिखा था मिल गया होगा। बहुत दिन से तुम्हारा चिट्ठी का पत्र नहीं आया है। उधर की फ़िक्र लगी है।

परसों इन्द्रा नरेन्द्र पटना से आ गये हैं। सब घर वाले इन्द्रा आई थी। उनसे पटना की शादी के सब समाचार ज्ञात हुए कहती है कि शादी बहुत ही बढ़िया रही है और बहू भी बहुत ही सुन्दर आई है। विमला ने भी बिट्टू की शादी का डिब्बा व एक साड़ी भेजी है साड़ी सस्ती है अच्छी है। बिचारी ने हमारा भी ख्याल रखा है। और शादी में [illegible] ने भी [illegible] पत्र आये थे [illegible] इन्द्रा को टाइम से [illegible] अब बहू इधर से ही ढूँढ़ने जाने पर आवेगी [illegible] इन्द्रा ने भी कह दिया है कि तुमको अवश्य कहूँगी [illegible] और विमला को धोखा दिया था। अब एक पत्र और लिखूँगी उसमें भी लिख दूँगी कि बहू को मेरे पास अवश्य भेजना तब उसको मुँह दिखाई के रुपये दे दूँगी।

हेल्थ मेले पर तुम्हारी बहुत याद आती रही तुम होते

तो शादी पर अवश्य ~~आते~~ आती। तुम्हारे पापा ही

ने शादी हो जायेगी।

यहां पर देवकी ने लड़की कुछ कुछ अपनी

तीन लड़कियों को लेकर आई है एक इसकी

देखकर देवकी ने घर पर गये थे तीनों लड़कियां खूब

मेहनत चलाती हैं और तीनों एक ही शहर में लगती हैं

मेरा देवकी ने मोटी गोयेदी पर लेता है इसके

पनान से बहुत खुश है। विवाह तो लो है।

हम यहां पर बिल्कुल ठीक हैं इधर तुम्हारा

चश्मा बनने को दिया है अभी बन कर नहीं

आया है। बहू गोयर नाग बालकृष्ण के आये हैं

अभी तक तो उन्होंने सामान भिजवाया नहीं है शायद

अभी उनका पैर ठीक करने का मौका नहीं लगा होगा

बब्बू उपेन्द्र उषा को आशीर्वाद गये थे दोनों

बच्चे ठीक हैं। यहां पर तो अब गर्मी नहीं कम्बल छोड़

पड़ती होगी ~~और~~ जाड़ा लगता होगा।

अशोक को व पुष्पा बेटी को हमारा आशीर्वाद

प्रिय गौड़ी शैल को बहुत सा प्यार

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा

प्रभावती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

नये वर्ष की हार्दिक
की शुभ कामनायें

Dated ३१ । १२ । 197२

प्रिय बेटे कुशल सदैव जगदीश से चिरंजीव रखो
ईश्वर से प्रार्थना है कि तुमको सदा सर्व
भाग्यशाली हो।

हम यहां पर ठीक हैं। तुम्हारे बड़े भाई रामनगर
देहली तो आ गये होंगे लेकिन अभी उन्होंने
सामान नहीं भिजवाया है शायद अभी उनको पैकिंग करने
का समय नहीं मिला होगा।

तुम्हारे तो बड़े दिन की छुट्टियां नहीं हैं दिन भी
होती होंगी आज कल तो वहां पर खूब सजावट
रौनक हो रही होगी। बड़ा अच्छा लगता होगा

बेटा वहां पर बहुत ही ठण्ड होगा अपना
खूब ध्यान रखना कपड़े बगैरा पहने रहना बेटे
तुम्हारा पेट ठीक होगा।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा जी
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २६।१२।197८

प्रिय बेटे शैलू तुमको हमारा बहुत बहुत प्यार

तुम्हारा पत्र आये हुए अब कई दिन होगये हैं
बेटा तुम तीनों को नये वर्ष की हमारी शुभकामनायें
२ जनवरी को तुम्हारा जन्म दिन होगा। दादी
बाबाजी का तुमको जन्म दिन का हमारा आशीर्वाद
ईश्वर से प्रार्थना है कि तुम्हें यह वर्ष शुभकारी
हो। तुमने जन्म दिन पर क्या रखना कर
लिया है हमतो यहां पर याद करते रहेंगे।

तुम्हारी पढ़ाई ठीक चल रही होगी
जरूर जब तो वहां पर बहुत जाड़ा होगा। यहां
पर तो इतना जाड़ा नहीं है और दूसरे जल्द
ही धूप आ जाती है।

हम यहां पर बिल्कुल ठीक हैं तुम हमारी
ओर से बिल्कुल चिन्ता ना किया करो।

योगेश के पास भी तुम्हारा पत्र आया है
पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 17.12.1978

My dear Sushil

It 6 P.m. and I have just returned from an old Survey Commission in a distant village and am naturally exhausted. This letter has to be handed over tonight and I can't write to children. I have not yet contacted Sri O.P. Bhatnagar and I don't know where he is. His brother in law

J. M. Bhatnagar is
not coming to courts
for the last week
as some child in
his house is ill. I
shall try to contact
him tomorrow.
We are well.

Yrs affly
D. R. Gupta

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 2.1.[illegible] 1978

इन दोनों को गले बड़ों को
तुम दोनों को शुभ आशीर्वाद

स्नेह विनीता मोहिता तुम्हारा प्यारा बहुत बहुत प्यार

विनीता बहन शेरू खुशाल व लोकेश ने दो पत्र सब साथ लिखे हैं। दोनों पत्रों से तुम सबों की कुशल मंगल का बहुत ही प्रसन्नता हुई। ईश्वर से हमारी यही प्रार्थना है कि तुम सब वहाँ पर ठीक रहो। तब के पत्र में तुम्हारी सबकी की फोटो भी मिली है फोटो को तो देख कर बहुत ही खुशी हुई है फोटो बहुत ही सुन्दर है जैसा यहाँ पर भी बिल्कुल वैसा ही फोटो आई है ज़रा भी नहीं फरक आया है। यह स्वेटर तुमने वहाँ पर बनाया है या यहीं का बुना हुआ है फोटो बहुत ही साफ है घर पर ही खींचा है या बाहर खिंचवाई है ऐसा मन होता है कि बस फोटो देखते ही रहें।

लोगों के पत्र से पता चला कि तुम अपने जन्म दिन पर इतनी बिज़ी रहीं। कि [illegible] भी नहीं

का पाई हो रहो उसी हौसला को सुधारना चाहिये
नहीं तब ठीक जाते हैं। इस तो दो० कोमल ने
याद करते रहे कि उनका चिटिया को जवाब दिन है

तुम ने तो वहाँ पर बहुत ही नाम रखा है
अब तो सब चतुर हो गए होंगे खूब बोलने लगा
होंगा देखने को बहुत ही मन करता है।

उषा ने पत्र का उत्तर तुम वहाँ से पाए होंगी
उसने उत्तर को हेतगार है २२ फरवरी को उषा की
शादी है तुम्हारी और से उसको लेने को शीशी
शादी पर प्रेजेन्ट दे देंगे।

तुम अपना सब ध्यान रखना खूब सब
नये पहन कर बाहर आया करो यहाँ पर तो
बहुत ही जाड़ा पड़ रहा है। यहां पर सब लोग
ठीक हैं।

पत्र का उत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा जी
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

बड़े बच्चों को [illegible] को हम दोनों की

Dated २।२३। 197८

शुभ कामनायें

प्रिय बेटी सरोज सदैव सौभाग्यवती रहो

कल ही लिफाफे हमको तुम्हारे एक साथ मिले एक पत्र तुम्हारा [illegible] का लिखा हुआ और दूसरा पत्र [illegible] का लिखा हुआ [illegible] के कुशल का मिला है दोनों पत्रों को एक साथ देख कर बहुत ही प्रसन्नता हुई है। कई दिन से तुम्हारे पत्रों की इंतजार लगी थी अब तो बस पत्रों का ही सहारा रह गया है अगर भी पत्रों में देर हो जाती है तो चिन्ता हो जाती है। यह तो कभी स्वप्न में भी ध्यान नहीं था कि [illegible] के लिये हमसे अलग हो जाओगी। [illegible] बस खुशी भी बहुत है और गर्व भी है कि मेरे बच्चे एक नई जगह पर गये हैं बस ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि [illegible] हम से [illegible] से मिलो। तुम्हारा पत्र आने से पहले मैंने उन पत्रों में तुम्हें पढ़ने की सब बातें लिखी हैं वह पत्र तुमको मिल गया होगा। हमारा [illegible] आना कहां बनता है पैसा भी पूरा चाहिए और मैं अकेला जाता तो [illegible] को इतना [illegible] बात की परेशानी भी रहेगी तो होना तो अच्छा है [illegible] के साथ जाता और [illegible] में [illegible] से मैं मिल लेता [illegible] [illegible] भी [illegible]

गई थी। उन्का लगता है कि निर्मल ने शादी नहीं की

जिदिया की है और वह भी नहीं ही जुन्द गई है।

इसलिये वादिवाले को डिब्बा व साड़ी तरती दी है

साड़ी अच्छी है। निकालो ने हमारा इतना ख्याल रखा है

देखे उन्का को २२) देने के हैं दिये थे गम नहीं दिखेगी

उसको दूं रिवार दे दूंगी। तुम्हारी शादी पर बहुत याद

आती रही। बहुत ही शादी तुम्हारे पीछे ही हो जायेगी।

अभी तो पटनागर जी ने सामान नहीं भिजवाया है जब उनका

मौका लगेगा भेज देंगे। मेरी साड़ी की कोई बात नहीं है तुम्हें

मालीजी ने जिये साड़ी भेजी है उसको बहुत ही खुशी हुई है

साड़ी जितर की है। यदि कोई रुपये को डेरने पैसे को लो

तो अच्छा है और वैसा जब कोई लगाओ। तुम ने इतना

सामान भेजा है यही बहुत है। कोई सामान लाने को नहीं

जरूरत होते हैं और अपना सामान ही ज्यादा हो जाता है

टैक्स भेजा मतलब सामान के बाद कौन है रुपये को तो यहां

के जिले में आने का पता ही नहीं चलता है बहुत ही

जल्द होता है। कि तुम्हें इतने दिन हो गये हैं रुपये तो

अच्छी भी सामान नहीं भेज सकते है। हमारा भी मन होता है

कि अपने बच्चों के लिये कुछ भेजें।

तुम्हारे दोनों बच्चे बड़े आ गये हैं जब ही

बड़े हो जाये हैं मैंने दोनों बच्चे लगा कर देख लिये हैं

दोनों ही बहुत प्यार लगते हैं पता नहीं उनको पसन्द

भी आ जायेगा और कौन भी लायेंगे।

२)

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated................197

प्रवीण बार यह चश्मे राधा कुमार ने नहीं बनवाये हैं
कोई आदि बनवाये हैं। तुमने लिखा है कि कोई जाने वाला
होगा तो भेज देना पता नहीं जाने वाला कोई तो कब
होगा लगेगा। महीना लग जायेंगे। तुम लिखना इस
डाक से भेज देंगे डाक से भेजने में पैसे तो जरूर
लगेंगे लेकिन तुमको १५ दिन से पहिले ही मिल
जायेगा। यह जान कर बड़ा बुरा लगा कि तुमने अब तक
न तुम कुछ भी नहीं कर पाये हो मौका हो ऐसा
हो गया लिखती अब इतना लिखा रहता है समय ही नहीं
मिलता है। इस तो यहां पर याद आती रहे कि डाक
लिखिया तो अब दिन है पता नहीं क्या २ बनाया होगा
और तुमने यह अच्छा नहीं है कि कैलाश को पत्र खावो
से लिख दिये हैं वह चाहे उत्तर दे या न दें। वह तो
ठीक है अनवार यहां पर पत्र लिखने में केवल २५) पैसे में
२० पैसे में पत्र चले जाते हैं। अब शरद को ताक्यत आती
ठीक है बन रतन गीता संगीता को देखने जायें के छन
रात यहां पर रह गये हैं। यहां पर सब ठीक हैं।

सत्या रीता कैलाश के पास है सत्या को दुनिया की
सोचती है रीता व कैलाश के घर पर रहेगी
इलाज करा रही है उन बच्चों को खांसी है
गाजियाबाद में उनके सास ससुर रविवार से
आये हुये हैं इसलिए सारे लोगों को परेशानी
रही है। सुशील के बच्चे को दर्द रहता है जिसका
खाना छोड़ कर ठीक कर लेगा।

तुम्हारे बच्चे के फ्रेम पलंग ही है और शीशा
भी बड़े हैं फ्रेम पता नहीं तुम्हारे मन को लगेंगे
और पसन्द भी आयेगे। फ्रेम दो रंग के हैं उनको
आकार में सिन्दूर को मलमल खाता है और इसका फ्रेम
लाल रंग का है। यहाँ था है अपनी पसन्द की
आयेगा। गुड्डो का सेट कार मकान से आयेगा तब
पहुँचेंगे और उषा को उसकी शादी पर याद की
और सेटमेन्ट में दे देंगे।

प्रिय सुशील व तुम्हें पेरा व ढेर आशीर्वाद

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा

प्रकाश वती

गुड्डे सन्नी को हम दोनों की तरफ से बहुत सी शुभ आशीर्वाद।

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

देवयानी को ग्यारहवां जन्म दिन है।
उसको हम दोनों की शुभ आशीर्वाद।

Dated 2-12-1978

प्रिय बेटे शेखर, तुमको हमारा बहुत सा प्यार,
तेरा तुम्हारे दोनों पत्र तथा इसके उन साथ दिये हैं
उन [illegible] को लिखा हुआ और उन [illegible] का लिखा हुआ
दोनों पत्रों को देख कर पढ़ने में बड़ा ही अच्छा लगा।
यह जान कर तो बहुत ही प्रसन्नता हुई कि तुम अब
में कुछ अच्छे हो गये हो और कुछ लम्बे भी हो गये हो
तुम्हारी ओर से हमको बहुत ही चिन्ता लगी थी। अब पता नहीं
कैसे लगते होंगे फोटो में तो ऐसे यहां पर लगते थे
वैसे ही लगते हो। तुम्हारे बाबा जी तुम्हारी ओर से बहुत
ही परेशान थे अब बहुत खुश हैं। हम दोनों बिल्कुल ठीक हैं
तुम हमारी ओर से कुछ चिन्ता मत करो बल्कि अपना
बहुत ध्यान रखा करो क्योंकि वहां पर जाड़ा तक बहुत ही
जाड़ा पड़ रहा है। यहां पर तो जाड़ा बहुत नहीं है हम तो
दिवाली से बाद में अन्दर सोने लगे हैं। तुमने [illegible] यहां
पिक्चर देखी है यह पिक्चर तो बहुत दिन हुये जब मैंने
देखी थी इसमें गाने वगैरा बहुत अच्छे हैं। तुम्हारे टी. वी.
में तो हिन्दी पिक्चर कम ही आती होगी। अब तो हमारे
मकान में भी टी. वी. लग गया है। नीचे हमारे मकान में [illegible]

मैं जो लनलेना रहते हैं उसके लगभग है नीचे जो मैं
यदि कहीं लिखा आता है तो देख जाती हूँ। वैसे
लिखा होने में तो मैं देखने नहीं जाती हूँ। जब से तुम
गए हो बहुत कम कुमार्थ आये थे होला पर तभी उनके
साथ देखने गए और वैसे मेरी ऐसी देखने की इच्छा भी
नहीं होती है। अब एक बार उषा के साथ जाकर देखी थी

इस बिमारी से तुमको वहाँ पर भी पता चल गया है यह
बिमारी तो यहाँ पर बहुत ज्यादा फैल रही है बड़ी खराब
बिमारी है इस बिमारी का अभी कोई इलाज नहीं पाया है

मेरा तुम्हारे बालकों से पीछे कुछ भी नहीं बताती
रहती हूँ। अब यह अच्छा है सब लोगों की जगह के ऊपर
में नीचे के रोगहर को आ जाती हैं इस से समय बीत
जाता है। लोग किसका स्वेटर बुन रही है तुम्हारा भी
कोई स्वेटर बुना है या नहीं। बिचारा अकेला रह जाता
है। तुम सब तो चले जाते हो।

इन्दिरा गांधी को कल जेल हो गई है। देखो
अब क्या होता है।

तुम्हारी पढ़ाई ठीक चल रही होगी तुमको
स्कूल में क्या नाश्ता मिलता है।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि तुमने
अपने पैसों से टाइपराइटर खरीद लिया है
तुम टाइप करना भी सीख लोगे।

तुम्हारी अम्मा
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 20.12.1978

बेटी गुडिया खुश रहो।

तुम्हारा फोटो मिला। यह ठीक बना है और बिलकुल जैसी यहां थी वैसी ही लग रही है उस में।

मैं जानता हूं तुम को समय नहीं मिलता है। Sushil और शैलू तुम्हारा हाल लिख देते हैं तुम को तकलीफ़ नहीं होगी।

यहां का मौसम आज कल ठीक है। अगले महीने में ठंड काफ़ी होगी।

पर अब निकल ही

जावेगा। पिछले दिनों में

काफी ठंड थी जो यहां

के मौसम को देखते हुवे

ज्यादा थी वह cold wave

खतम नहीं है। हां हवा है

मगर दिन का भी [illegible]

है धूप की वजह से।

तुम्हारा [illegible]

[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 20. 12. 1978

My dear Sushil

Recd your letter of 7.12.78.

I have got the spectacles for Saroj ready with me. She has written that they should be sent through some person. I shall wait for a few days if I don't find any body going to you I shall send by post as before.

I am glad children & you are well there.

I am informed that spectacles

Sent for you are loose fit.
You may press the hinges
near the ears and I hope
they may fit you. In case
they are not workable
you may return the glasses
or write to me & I shall
get another one for you
also. Returning the glasses
will cost more than
new ones here and there;
so you just write to
me as I have the
prescription with me & I shall
have the needful done.

Yrs affly
[signature]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 20.12.1978

बेटा मंजू एवं रवी

तुम्हारे letters 4.12.78 और 6.12.78 को ठीक समय मिल गये है।
यह जान कर खुशी हुई तुम ठीक हो और weight और इन्दु भी ठीक बढ़ रहा है।
तुम्हारे तक कोशों से कुछ होते गलत लगते थे जिससे मैं डर गया था कि तुम को चोट लगी है कहीं।

यह जान कर और भी खुशी हुई कि तुमने पहले का मकान खरीदा था और एक Tye को

Dhanpat Rai Gupta
152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 2-12-197[illegible]

न भी न खरीदी है। और मैं
गलती तो होगी ही पर थोड़े
दिनों में ठीक होगा। spelling
में कुछ गलत हैं वह भी
ठीक कर लोगे थोड़े दिनों में।
जैसे तुम ने "worries" लिखा है
वह "worry" है axema लिखा
है वह Eczema है। तुम्हारे पास
dictionary है उस में भी देख सकते
हो।

हम तो ठीक हैं। पर तो यह
रुपिन इस ही तरह रहता है।

तुम्हारा बाबा
[signature]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

नये वर्ष की तुम सबों को
हमारी ओर से शुभ कामनायें

Dated 22/12/1978

प्रिय बेटा शैल तुमको बहुत बहुत प्यार

तुम्हारा 22 तारीख का लिखा हुआ पत्र हमको 26 तारीख को
मिल गया है। पत्र से सब समाचार ज्ञात हुए।

हम यहां पर ठीक हैं। हमारी ईश्वर से प्रार्थना है
कि तुम सबों को नया वर्ष आराम वाला हो।

डॉली व शान्ता मिले। आजकल तो वहां पर ठण्ड
शुरू हो रही होगी। गुड़िया को भी आजकल
स्कूल में बहुत काम हो रहा होगा। तुम्हारे भी
स्कूल की छुट्टियां हो रही होंगी। छुट्टियों में क्या
करते रहते हो। यहां के हिसाब से आजकल यहां
पर भी ठण्डा ही है हमलोग दिवाली के बाद में अन्दर
कमरे में सोते हैं। वहां पर तो ठण्ड बहुत पड़ रही होगी
बेटा बाहर जाने पर ठण्ड से कपड़े पहन कर जाया करो
अपना सब ध्यान रखना।

बेटोसी कोठी में सब आराम ठीक हैं।

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated

सकल पत्र आते रहते हैं। आज कल देवी मानको
तुम्हारी इलाहाबाद में हैं। यह पहले मेरे पास आई थीं
तुम्हारे ये बड़े लड़के योगेश का रिश्ता मुजफ्फरनगर
में निश्चय होगया है हमारे बड़े दादा जी ने पोते की लड़की से
हुआ है तुम्हारी गोद भराई करने के लिये आई थीं
एक शोक भी थी। शादी शायद फरवरी में हो
होगा। योगेश नजफगढ़ में उपाध्याय के पास है। वहीं
पर सर्विस करता है।

सविता के गहना तैयार होना वह आ गये हैं
लेकिन पता नहीं उनको पसन्द भी आवेंगे और ठीक भी
बैठेंगे। पता नहीं कौन छपने वाला बन जावेगा यदि
लोग लिखें तो अन्त में पत्र देंगे पैसे तो लगेंगे
लेकिन जल्दी पहुँच जावेगा। तुम ने जो सामान मंगवाया
था वो दिया है वह अभी हमको मिला नहीं है।

प्रिय सुशील सपत्नीक को हमारा आशीर्वाद। प्रिय गुड्डू
को प्यार प्यार। पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्मा
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 25.12.1978

बेटी गुड़िया चिरंजीव रहो

हम यहां ठीक ही हैं।
एक तुम्हारी सहेलियों में
बहुत दिनों से कोई नहीं
आई है। वह भी सब अपनी अपनी
जगह पहुंच गयी हैं।
वह प्रायः ये भी एक तो
कम ही मिलती हैं।
तुम्हारे western culture
के management का क्या हाल
है अथवा उन से Parents को

Dhanpat Rai Gupta
152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

प्यार की बात मत करो

यह लोग बाप बेटे भी

एक दूसरे से बात नहीं

रखते।

तुम्हारी पढ़ाई भी ठीक

होगी तुम ने बताया नहीं।

कि course change करना है

या नहीं।

तुम्हारा बाबा

[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 25.12.1978

My dear Sushil

Shri O. P Bhatnagar has still not contacted me. He has not come to Meerut yet.

The sheets for Saroj are ready with me. She has written that we should not send the same by airmail and shallow

has also written that.

I shall therefore wait for a short time to see if I find somebody going to your place & then I shall send by Air if I don't find anybody.

We are well here & you need not worry.

with love
Yours affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 21 . 7 . 197

प्रिय तेजानन्द बच्चे जी
सब दोनों को शुभ आशीर्वाद।

प्रिय बिटिया गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार

२० ता० को तुम्हारा पत्र व फोटो और बड़े बच्चे का नाम नहीं मिला। फोटो बहुत अच्छी है। लेकिन पता नहीं। जितनी तुम्हारे व कैलाश की फोटो इतनी साफ नहीं है। सुशील के लोगों की साफ हैं। बड़े बच्चे का नाम भी बहुत सुन्दर है। उसका जो भी बड़े बच्चे का नाम मिल गया है। अभी तो तुम्हारा भेजा हुआ वह सामान पटनागर जी से नहीं मिला है।

मेरी तबियत अब बिल्कुल ठीक है पर तो मौसम की वजह से कभी बुखार जैसा हो जाता है वैसे ऐसी कोई बात नहीं है। तुम्हारे नाना जी भी ठीक हैं।

२० ता० को सुधीर यहाँ पर आया है। और २२ को चला गया है पर पहले किसी तारीख को परीक्षा देने जाना था पर कहता है कि मैंने गुड़िया जीजी को कई पत्र लिखे हैं पता नहीं उनको मेरे पत्र क्यों नहीं मिलते। पता भी सुबोध से ही लिखवाता है।

यह जान कर बहुत ही प्रसन्नता हुई कि तुम्हारे नम्बर
बहुत अच्छे आए हैं। और यह जान कर प्रसन्नता होती है
कि तुम अब हिन्दी बोलने लगी हो। तुम्हें अब याद करने
में बहुत मन लगने लगा है कुछ ही दिन और हो जाती हो
तुम तो याद में बहुत ही छोटी रहती हो।

सुना है कि तुम अब ठीक होंगी। ऊषा ने तुमको
पत्र तो लिखा है पता नहीं तुमको क्यों नहीं मिला है।

यहां पर तो गर्मी ने अबकी बहुत दिन से नहीं
छोड़ी है। उन को अब यहां पर आने में परेशानी सी होती है
पिछली छुट्टियों तो हमारे घर के नजदीक रहे ही रघुनाथ जी
जाती थी आ जाती थी। इतने दिन बाकी ठीक है।

यदि तुमको पत्र लिखने के समय नहीं मिलता है तो
कोई बात नहीं है जैसे कलम से तो पत्र आ ही जाते हैं
वैसे कभी २ तो पत्र लिखती ही रहना।

प्रिय छोटा प्रकाश को प्यार बहुतसा आशीर्वाद।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी शुभकामना
प्रकाश नवी

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 31..12..1978

प्रिय बेटे शैल तुम्हें बहुत बहुत सा प्यार

तुम्हारा पत्र २० ता० को मिला और तुम्हारी फोटो के नये वर्ष का कार्ड भी मिला। फोटो बहुत बढ़िया अच्छी है।

हम दोनों की ही नये वर्ष की व तुम्हारे जन्म दिन की शुभकामनायें। ईश्वर से प्रार्थना है कि तुमको नया वर्ष माफ़िक आता हो।

सब यहां पर बिल्कुल ठीक हैं। मेरे से मौसम की वजह से कभी तबियत कुछ खराब सी हो जाती है चिन्ता की कोई बात नहीं है। तुम सब अपना खूब ध्यान रखना बेटी। यहां पर तो जाड़ा भी अधिक पड़ता है। अब २ ता० से तुम्हारे स्कूल खुल जायेंगे इसी भी १ दिनों की छुट्टियां में घर पर ही रहते थे

मनोज से उपेन्द्र आये थे यहां पर सब ठीक हैं तुम्हारे पास केरोसीन के लायसन्स देहरादून के पत्र

आये होंगे। सुधीर देहली से दिल्ली नरेन्द्र का इम्तहान देने गया था वहां पर ~~[illegible]~~ २०ता॰ को शाम को आया था और २१ता॰ को दोपहर को देहरादून चला गया है।

सुशील ने लिखा था कि जो लड़का चाहिये सामान ले गई थी वह देहली चली गई है और कुछ दिन में आवेगा। उसने इस बात चाहे सरोज ने बोला चश्मे और कुन्दन के टेस्ट देख रहे हैं इसने चाहिये पहले टेस्ट देखें और वह ठीक हो जावेगी तो इलाज होगा तो आप को लग जावेगी चाहिये इसने कल ही देखी थी उसके बाद चाहे चाहे पापड़ व बादाम ले गये तो देख रहे और तुम लिखे नहीं दे रहे जो वह ना लगाने के लिए हम क्या लेंगे चाहे उन्होंने लेबोरेटरी को कह दिया था देख रहे हैं।

पता नहीं सरोज ने चश्मे पसन्द भी आ जावेंगे और ठीक भी रहेंगे। आज कल यहां पर भी जाड़ा पड़ रहा है।

प्रिय सुशील सरोज को हमारा आशीर्वाद। प्रिय बेटा कुछ तक ठीक हो हम सब भी ठीक रहेंगे।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना। तुम्हारी अम्माजी

प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 31.12.1978

बेटी गुड़िया खुश रहो

तुम्हारा 20.12.78 का letter मिला। मुझे खुशी हुई तुम्हारा रिजल्ट देख कर। तुम्हारी मेहनत का रिजल्ट है।

तुमने अपने ऑफिस का हाल नहीं लिखा है। पता नहीं ऑफिस कैसा चल रहा है। लिखना।

समीर कल आया था प्रसन्न जाता है। वह कहता था

वह बराबर तुम को letters
लिखता रहा है पर उस की
कोई letter तुम्हारे पास
नहीं पहुंचा रहे हैं। Address
भी वह Subodh से ही
लिखवाता है, पता नहीं क्या
बात है उसकी letters में।
तुम्हारा Physics T.A. की
Sessions talks नहीं थीं
यह बात कह चुकी हैं
कि वह भी jealous/ कर
सकता है।

तुम्हारे बाबा
दद्दी

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 31.12. 1978

My dear Sushil

Recd your letter of 21.12.78. I shall try to contact Mr Bhatnagar at Delhi through someone.

I shall also try to send articles to Kr Shraddha.

Ramkripal is on leave and shall resume duties from 8.1.79. I shall send the spectacles and the cooker kitchen piece

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated ___ 197 ___

through him to Km Sharadha
and he shall through
some person ask them
whether they shall be
able to take something
else. If so I shall send
papers at least if
they are not willing
to take more. Jaikumar
shall not be able
to contact them. If
I find Vig serviceable
in the matter I shall
contact them through him.

yours affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 31.12.1978

बेटा शैलू, खुश रहो।

तुम्हारा letter मिला। तुम्हारा
birth day 3.1.79 को आ रहा
है उस के लिये यहां से
अनेक बधाई। यहां होते तो
कुछ मैं भी देता।

आज कल Calcutta में
West-Indies और India का
Third test-match हो रहा है। आज
तीसरा दिन है। भारत ने पहले
इनिंग में 300 runs बनाये
और अभी West-Indies ने
327 Runs बनाये हैं। आगे

भारत देश न रहो है दुबारा
ढूँढेगा। पहले तो किसी
मे किसी को इजाजत नहीं हुई
थी।

मेरे पेट का बड़ा हाल
खराब रहा है। अब तो खतरा
हो रहेगा। दिल को तो बहलाये
करना ही है। तुम्हारे प्यार पर
शायद तुम्हारे हाथ की मालिश
से ठीक हो जाय।

तुम्हारा आत्मा

[signature]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated ३१.९.197६

चिर संयोग सहित सौभाग्यवती रहो

तुम फलो फूलो तथा बड़ी भाग्यशाली हो।

हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है।

मैंने तुमको पत्र लिखा था मिल गया होगा उधर को इतवार है। उमा के बच्चे २०-२२ दिन से पढ़ने गये हुए हैं। वहां पर इतना मन लग गया है अब स्कूल खुलने पर आ जायेंगे।

१६ता॰ दिन मंगलवार को करवा चौथ का त्योहार है मैंने तुम अपने पत्रे में तो देख ही लोगी। तिल बोरा तो वहां पर मिल ही जाते हैं। पारसाल तो तुमने यहां की करवाचौथी करवाई थी। इस को लोगी ही मैंने बहुत बार कराया तब से खा लेना त्योहार पर तुम्हारी याद आती है। अब तो बस अकेले रही त्योहार करने पड़ते हैं।

तुम्हारे बच्चों का उधर ठीक होगा। सुशील को पेट अब तो खराब नहीं रहता है।

सुबोध का मकान तो अभी नहीं बना है बस नींव

ही भरी गई है। पता नहीं उसको कुछ रुपया

पैसा की परेशानी भी हो रही है।

सुधीर देहली किसी जॉब का ~~[illegible]~~ इन्टरव्यू देने

गया था जहां पर कई उन दिन के लिये जाना था

उन कैम्पों के लिये जिनका सिलेक्शन हो गये थे

सफल हो गये होंगे। पप्पू की परेशानी पता नहीं

कैसे सुलझेगी। बड़ी चिन्ता की बात है। सुनते

हैं कि अब तो पप्पू के लड़के का नजीबाबाद का तबादला

हो गया है और वो पास में आ गया है। पता नहीं

और कुछ बात का [illegible] हो जाये।

अभी तक तुम्हारा भेजा हुआ सामान नहीं मिला है

इसमें तुम्हारा खर्चा होगा। और जो कुछ [illegible]

जितना जवाब के लिये था पत्र तो दी है। किसको

दी है इनसे पता चलेगा वह उनको याद है या नहीं

और उनके पास है निवार भोग सब सामान [illegible] मेरठ

के जायें तो देंगे। अभी इस लिये नहीं दिये हैं क्योंकि

अभी पता नहीं वह कब तक जायेगा। यह चीज तो

कुछ खास होने वाली नहीं है।

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated.................197

पता नहीं यह तुमको पसन्द
भी आ जायेंगे और तुम्हारे ठीक भी लगेंगे।
२ता. को शैल का पत्र मिला था।
यहां पर एक जगह ठीक है। अब तक तो यहां
पर दोपहर को एक घन्टा रहता है नीचे से एक
धूप में आ जाती है। मैंने केसर के लड्डू
बनाये थे न सभी के साथ मिला कर भी बनाये थे
तेरे बर्थ पर यह एक बैठी भी एक को लड्डू
तेरे बर्थ के खिलाये थे। १२ लड्डू एक को
खिलाये थे।
तुम्हारे व कुशाल की फोटो तो साफ
आती है पता नहीं गुड़िया शैल की इतनी साफ
क्यों नहीं आती है।
तुम्हारे बाबूजी का तुमको आशीर्वाद
समाचार शीघ्र ही देना। तुम्हारी अम्माजी
प्रसन्नवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 3/2/1978

प्रिय बेटे गौरव, तुमको हमारा बहुत बहुत प्यार।

आज तुम्हारा जन्मदिन है। हम दोनों की तुम्हारे जन्मदिन पर शुभ आशीर्वाद। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह वर्ष तुमको प्रसन्न रखने वाला हो।

तुम्हारा पत्र १ जनवरी को मिला समाचार ज्ञात हुए। मेरा हमेशा पत्र डालने का मन रहता है। डालते भी हैं लेकिन कभी नहीं भी डाल पाते हैं। तुम हमारी ओर से बिल्कुल चिन्ता मत करो हम तो यहां पर बिल्कुल ठीक हैं। बस एक परेशानी यही है कि तुम लोगों की याद आती है। तुम्हारा स्कूल अब खुल गया होगा

यह जान कर बहुत ही प्रसन्नता हुई कि गुड़िया ने नम्बर बहुत अच्छे पाये हैं। बिचारी को कितनी मेहनत करनी पड़ती है पढ़ती भी है और सर्विस भी करती है। वैसे कि तुम्हारा बहुत ही कमजोर से गला सा हो गया था निशान से हो गये थे। अब तो ठीक हो गया होगा।

तुम अपने चाचा जी ने मेरी चिन्ता कम कर लेना

यह पत्र तो [illegible] लिखना था लेकिन देर ही हो गया है स्कूल लगे २ दिनों से
तुम्हारे आज से ही ठीक रहते से
वैसे [illegible] तो आते ही रहते हैं।

यहाँ का मौसम तो ठीक ही चल रहा है धूप के कारण ऐसा जाड़ा नहीं लगता है। हां वर्षा [illegible] होने पर जाड़ा अधिक हो जायेगा। वैसे जाड़ा तो है ही।

[illegible] देहरादून में सब ठीक हैं। [illegible] का बराबर उन लोगों के पत्र आते रहते हैं। [illegible] का [illegible] से [illegible] गया है। उसका हाथ का प्लास्टर भी खुल गया है। लिखा था कि हड्डी तो ठीक से ही जुड़ गई है डाक्टर ने [illegible] के लिये [illegible] बताई है। [illegible] योगेन्द्र दादा का [illegible] कि पिछले साल भी [illegible] का पत्र [illegible] का [illegible] है। यह विचार अच्छा लगता है [illegible] है। इसका पत्र भी तुमको मिल गया होगा।

प्रिय प्रवीण को आशीर्वाद। व प्रिय गुड़िया को हमारा बहुत सा प्यार।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारे दादा जी

[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 3.1.1979

बेटी गुड़िया। खुश रहो

तुम्हारे exams का Result बहुत अच्छा रहा। मुझे तो खुशी है। आगे भी इस तरह रहे तो अच्छा है। एक साल और चार महीने हो चुके हैं तुम लोगों को यहां से गए। तुम लोगों की याद आती है रोज़ ही। सोचते रहते हैं

Dhanpat Rai Gupta
वकील
152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 1979

अब क्या करोगे तो
लोग यही ... में सोचते
रहे हैं नानू का birth day
है ना आज

इस यहां ठीक कागज
हो रहे हैं यहां का तन
का कोई बनता की ज़रूरत
नहीं है।

तुम्हारा बाबा
धनपत

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 3.1.1979

My dear Sushil

I have sent the specs of Saroj and a rather price for the Hawkins cooker did through VCG to Km Shirodkar on 1.1.79. We shall ask them if they can accept a little more for you. If so I shall send at least some Papads. Let us see if this can be

done.

Today is the birth
Day of ~~dear~~ Shalloo!
We are only wondering
what you all do for
him on this day.

with love
Yours affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 3.1. 1979

बेटा शैलू चिरंजीव रहो

आज तुम्हारा birthday है।
सुबह से ही तुम्हारी याद
आ रही है। हम यहां
तुम्हारे लिए कुछ भी नहीं
कर सकते हैं।

तुम्हारी अम्मा दो दिन
से फिर बुखार में पड़ी
है। उस हालत में ही तुम
लोगों को letter लिख रहे
है।

यहा का मौसम पुगर्मी
साफ है पर प्राज कुछ
ज्यादा मालूम हो रहा है।
यह १५ दिन अद्दा कोहम
को होते हैं। सब से ठण्डा
मौसम होता है यह।
मेरा पेट ठीक ही है
लगडार सब काम कर
ही लेता हूं। तुम्हारे प्राण
तक इस तरह भी रहे तो
ठीक ही है।
तुम्हारे बाबा

anpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated............197

आज West Indies और
India के III test का आखिरी
दिन है। कल India ने
6 wicket पर 381 runs
बना कर West Indies को
खिलाना शुरू किया था।
West Indies को जीतने के
लिए 335 runs बनाने थे
अभी match चल रहा है।
आखिरी घण्टा बाकी है। अब
तक 3 रन को 2 खिलाड़ी
out हो चुके हैं और

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

Dated 197

180 रन्स हुए बना पाए
है। इधर इस पारी दौरान
में India ने दो खिलाड़ी
और out कर लिए तो जीत
जावेंगे नहीं तो बराबर ही
रहेगा। पहले दो Tests में
भी बराबर ही रहे हैं क्योंकि
कोई फैसला जीत नहीं हुई
है। अभी 2 एक और out
हो गया है। एक और out होना है।
Time कम रह गया है। खिलाड़ियों को
objection है कि अंधेरा होने लगा है।
है। umpires ने match बन्द
कर दिया इस लिये यह Test
भी बराबरी में रहे।

तुम्हारा
बाबा

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated ६।११। 197६

प्रिय बेटे सुशील सौ० व पुष्पा व चिरंजीव रहो

तुम्हारे दोनों पत्र इसको ५ ता० को मिले हैं एक पत्र २९ ता० का लिखा हुआ और एक २८ ता० का लिखा हुआ पर दोनों पत्र ५ ता० को ही मिले हैं

तुमने लिखा था कि गुड्डा को बुखार लगातार रहता हो रहा है चिन्ता है। आशा है कि वह ठीक हो गई होगा। अखबार से पता चला है कि वहां पर ज्यादा ठंड बढ़ती जाती है बर्फ पड़ रही है।

परमानन्द भी देहली तो आ ही गये होंगे लेकिन अभी वह मेरठ नहीं आये हैं। जब वह आयेंगे तभी सामान मिलेगा।

सुन्दर का प्लास्टर तो खुल गया है उसने [illegible] बतलाई है। वह ५ ता० को बम्बई है जाग पासपोर्ट दे गया है तो उसने उस साथ ले गया है क्योंकि अभी तो उस हाथ से काम नहीं कर सकेगा। १२ ता० को बम्बई से आ जावेगे।

और फिर इलाज होवेगा।

दोनों के ट्रेनिंग स्कूल के लिये पेपर दे हो गये हैं गुनवती के यहां पर आ जावेगा अच्छा है इसके आने से इतना अकेला पन नहीं लगेगा।

तुम्हारी तबियत ठीक होगी अब अपना स्कूल ध्यान रखना जैसे बताया वैसे रहो खाओ और इसके बाद में बहार का याद रहता है।

प्रिय सरोज को हमारा आशीर्वाद। प्रिय गुड्डा गुड्डा मोन को हमारा प्यार।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना

तुम्हारी अम्माजी
प्रकाश वती

अब इधर से पता चला है कि श्री रिसालदार पं अग्रवाल की तबादला देहली को हो गया है और आ गये हैं। और नरेन्द्र घर आये हैं। हमारे पास तो बहुत दिनों से नहीं आये हैं। शायद तुमको भी पता चल गया होगा। कुछ ही दिन लखनऊ रहे हैं।

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated [illegible] 197

प्रिय बेटे शैल तुमको हमारा बहुत आशीर्वाद

तुम्हारा पत्र आया था इसका उत्तर दे दिया था तुमको मिल गया होगा।

आज कल यहाँ पर भी बहुत जाड़ा पड़ रहा है आज कल यहाँ पर गैस भी नहीं है समस्या हो रही है। बिजली पर या चौके के अंगीठी में बन रही है। और मिट्टी का तेल भी मुश्किल से मिल रहा है। तेरी गैस २५ दिसम्बर को खतम हुई थी मैंने २५ तारीख को लिखवाई है। अब पता नहीं कितने दिन में मिलेगी। इससे पहले मैंने पहले लिखवाकर नहीं थी। क्योंकि पहिले लिखवाने पर जल्दी ही देनी पड़ती थी एक साथ में लेना चाहती हूँ। खैर इतनी कोई परेशानी नहीं है।

तेरा शुभ पत्र मिलती रही लिखते रहा करना

तुमने लिखा है कि नानाजी अपना रावे पोहिणी से

४ पत्रों के २०) ~~रुपये~~ देंगे। तुम्हारे नानाजी पहले

यहाँ जयपुर दिवाल हैं। यह तो पहले हो ली

याद से दे दिये थे।

तुमको यह जान कर प्रसन्नता होगी कि

१२ वीं के बोर्ड इम्तहान के लिये ट्रेनिंग में

मेरा मन रहा है। इसके बाद हो जाय लेकिन

तो हो जायेगा।

यह तो फैसला शायद जनवरी में ही हो

जायेगा। सपत्र ठीक होगा मेरा आज कल

क्या आता रहता है। गुड्डा अब ठीक

होगा। और कोलिज के स्टोर पर जाना शुरू

होगा।

तुम अपना खूब ध्यान रखना। हम यहां पर

ठीक हैं।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी

प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 2.1. 1979

बेटी गुड़िया खुश रहो।

आज कल तुम्हारी छुट्टियां चल रही होंगी। Store तो अभी हो ही तो होगा। पर कुछ तो आराम मिल गया थोड़े दिनों।

तुम ने अपने मकान और आफिस का हाल नहीं लिखा। आफिस में तकलीफ से काम करना कठिन होता होगा। Store में तो आफिस का काम बढ़ा पड़ता है।

पूरा हाल मिलने पर
मैं दवाई भेज दूंगा। पूरा
हाल लिखो।
यहां पर प्रायः सभी
और तुम को बहुत हाल
कहा है। यह पन्द्रह दिन
यहां बूंदा बांदी ही
होते हैं। हमें तो प्रायः
है यहां के मौसम को ठंड
से कोई शिकायत नहीं है।
वहां के मौसम का हाल
पुस्तकालय में पूछा था।
बहुत खराब है इस से
चिन्ता है
शुभाशीर्वाद
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 7-1-1979

My dear Sushil

I have sent the sheets of Saroj and a piece of cooker rubber to Km Shirodkar to be sent to you. Vig had personally gone to deliver the thing. He asked her of just a little weight not more than two kilos could be taken. She had declined to accept that saying that the weight that the person is taking is much more. Vig

Says that on insisting
She told him that she
would ask her brother
and would let Viz
know by post by 6th January
if he could take any
thing. No letter has yet
been received & the person
has to go on 12th January.
So I am sorry I could not
send anything else.
I had written to Mr O.P Bhatnagar
but no reply has yet been
received. He may [illegible]
have as you had written to me.
However there is no hurry.

Yours affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 7.1.1979

प्यारी मंजू खुश रहो।

तुम्हारे birth day पर क्या दिया कुछ भी पता नहीं लगा है। कल मैं ने यहां अखबार में पढ़ा है कि Washington D.C. में हद से ज्यादा cold है। बाहर जाने हैं। कार भी start नहीं हो रही थी और [illegible] से दूध लिया linses में दूध freeze है कि बाहर नहीं आ रहा है। यह भी लिखा है कुछ जानें भी गई हैं!

तुम लोगों को तो बड़ा

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL
152, VIJAY NAGAR,
MEERUT
Dated 1977

को बेन्टू को पुरस्कार मिल
रहा है और तुम को School
आना जाना पड़ता है। तुम्हारे
letter का इन्तजार कर रहे
हैं क्या हाल रहा लिखना।
यहां तो ठीक हो रहा है।
हम ठीक-ठाक हैं यहां।
घर काम से हो रहा है। उस
को सोना नहीं है।

तुम्हारा बाबा

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 3.1.2 1978

प्रिय बेटे सुशील सदैव प्रसन्न व चिरंजीव रहो।

तुम्हारा पत्र ६ ता। को मिला समाचार ज्ञात हुए

अभी तो परनागर देखने नहीं आये हैं। इनके रिश्तेदार जो यहां पर रहते हैं उनसे पता चला है कि इन्होंने वहां पर मकान बदला है इस वजह से देखने नहीं आ सके हैं।

अग्रवाल के देखने आने को कुछ उधर से पता चला था कैसे अग्रवाल तो घर पर नहीं आये हैं।

यह जानकर चिन्ता हुई कि तुम्हारा पेट ठीक चल रहा है। वहां पर तो जाड़ा बहुत ही ज्यादा पड़ रहा होगा बल्कि भी रजाई गयी होगी। इस मौसम ध्यान रखना। स्वेटर आदि कपड़े गर्म पहनकर बाहर जाया करो।

गुड़िया को गला अब ठीक होगा। और इतना जाड़ के पढ़ाई भी ठीक चल रही होगी।

नौकरी भी यहां पर २ साल के लिये हैं किन्तु देखें में होगी इस लिये यह २२ता। को यहां परसों आवेगा

इतने ओर से भेजना पत्र नहीं लगेगा

प्रिय लोगों को हमारा आशीर्वाद।

प्रिय गुड़िया शैल को हमारा बहुत प्यार।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी

प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 10-1-1979

[illegible]

[illegible]

[illegible]

Agarwala [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] transfer [illegible]

[illegible]

इतना पता कि वह शुरू

December में होगा

पूरा मामला है।

तुम्हारे Store का तो

काम खतम होगया था।

तुम्हें कामयाबियों की

खबर नहीं मिली है।

तुम्हारा पापा

आशीष

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 10.1. 1979

My dear Sushil

As I have written to you previously the person did not take to you any the article. They have taken only the objects and a better piece.

Mr O.P. Bhatnagar could not be contacted now. Mr. J. M. Bhatnagar advocate tells me that Mr O.P. Bhatnagar

has changed his
residence and so
could not come by
now as he was busy
in setting up his new
accommodation at
Delhi. Perhaps my letter
could not reach him
because of the change.
I am told he shall
come here about the
end of January.

with love
Yours affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 10.6. 1979

बेटा शैलू। चिरंजीव रहो।

तुम्हारे birth day का
कार्ड हाल में ही मिला है
खुशी। यहां सब ठीक ठाक
ही है। वहां Washington D.C
का papers में तो बुरा
हाल लिखा है। कहते हैं
वहां theft बहुत है गोली
कभी नहीं रुकती।
Cars theft की वारदातें

Start नहीं हो पा रहा है
से buses में बहुत
rush रहता है। जगह
नहीं मिलती है। मुझे
चिन्ता हो रही है। तुम्हारा
क्या हालत होगा।
यहां मौसम ठंडक का है।

तुम्हारा बाबा

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २८.१२.197

प्रिय बिटिया गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार

काफी दिनों से तुम्हारा कोई पत्र नहीं आया है और तुम्हारा समाचार ही नहीं मिलता है वैसे शैल व सुशील से तुम्हारा हाल मिल ही जाता है।

अब उषा को बी.एड में दाखिला हो गया है और लोग कोशिश करते हैं २८ फरवरी को इसकी शादी है। शादी पर तुम्हारा [illegible] इस लिए उसको तुम्हारी ओर से दे देंगे। नये वर्ष का कार्ड हमको व उषा को मिल गया था। सुनीता भी एक दिन आई थी अब इसका मकान हमारे मकान से दूर हो गया है। योगेश तो आता रहता है सुनीता व योगेश नाविल पढ़ाई [illegible] रहे हैं।

तुम्हारा पढ़ाई का काम ठीक चल रहा होगा बिटिया बहार जाने पर ऊन लाकर बच्चे पहन कर आया था नहीं।

सब मजे में हैं। तुम्हारी बड़ी याद आ रही

है तुमको गुड़गाँव की भीतर की पहाड़ी बहुत
अच्छी लगती है। वहाँ पर तो चील कौवे बहुत
ही पहुँचे हैं वहाँ अन्न पानी होगा।

चि० कुशाल ठीक होगा उसको हमारा
आशीर्वाद। ऐसा ही देखा इन सैनिकों के
पथप्रदर्शन देते हैं वहाँ पर एक बोर्ड है।

नीता १२ ता० को यहाँ पर आ रही है उसको
यहाँ पर स्कूल के लिये मेरठ में ट्रेनिंग है
यह अच्छा है हमारे पास रहेगा हमारा भी
मन लगा रहेगा।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी
प्रकाशवती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २५/२/1976

प्रिय [illegible] सहित सौभाग्यवती रहो

मैंने तुमको पत्र लिखा था मिल गया होगा उत्तर की प्रतीक्षा है। हम यहां पर कुशल हैं। आशा है कि वहां पर सब लोग सकुशल होंगे।

मुजफ्फर नगर में लोगों को [illegible] चल रही है। तुम्हारे चाचाजी और मैं १८ ता० को उनको देखने मुजफ्फर नगर गये थे आप भी आ गये थे। वहां के [illegible] पर [illegible] हुआ है मकान से [illegible] छत पर [illegible] इस गांव का बड़ा बुरा लगा हम मिले भी नहीं।

पता नहीं [illegible] की बहू के बच्चा हुआ है या नहीं। अबकी बार तो पता लगना हो जाये। मुझे भी बहू के भी बच्चा होने वाला है।

आजकल यहां पर [illegible] की [illegible] हो रही है। [illegible] दिन में आ रही है। मेरी [illegible] भी [illegible] से [illegible] होगई है पर पता नहीं कब तक [illegible]। मैंने यह [illegible] है [illegible] से लिखवाई नहीं थी। [illegible] में [illegible]

जैसा इन्होंने पहले भी सोचा था कि यदि यहाँ से
बाद मिलना होगा लेकिन अकाल का हाल सा
स्थायी ही चला है जैसे नहान का पानी भी
भी होता है। अब पता नहीं कब तक जायेगा।

तुम्हारा तो वहां पर यह परेशानी नहीं है।

इधर तुम्हारे चरण तो मेरा दिल है। पता चला
है कि वह यहाँ से २२ता. को चले गये हैं। और
सामान लेकर के इस्तेमाल पहले कर दिया है कि इधर
अपना ही सामान बहुत है बहुत ही अच्छा होता है
कोई चीज भी नहीं मेरा साथ है। अब तुम्हारी
पसन्द भी आ गये हैं। उन पुराने की रवाड़ भी है।
जब मैंने देख लिए तब ध्यान आया कि दो
बार रंगीन चूड़ी डिब्बे में रख देती इसलिए तो
० के अगर भी नहीं था डिब्बे में अच्छा चलो
जाती लेकिन ऐसे तो मज़ भी बहुत ही खराब है

अब तेरहवीं है २६ता. को सावन है इसलिए भी
सावन मनाया होगा यहाँ पर सैकड़ों लोग मिल
जाते ही हैं। यही सोच रहे थे कि यदि वह ले गये
तो उनके लिए लिख देंगे दूँगी। इस बार का धोखा
गये हैं। तुम्हारे बच्चों को तुम्हारा प्यार बोलना।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी प्यारी
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २५।१।१९७८

प्रिय बेटे [illegible] तुमको हमारा बहुत सा प्यार।
हम यहाँ पर ठीक हैं। तुम सबों की कुशल ईश्वर से सदैव भली चाहती हूँ। तुम्हारा पत्र २२ता० को मिला है पत्र से सब समाचार ज्ञात हुऐ। बेटा तुम सबों की बहुत ही याद आती है पता नहीं कितने दिन में लौटोगे। बस ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम सब वहाँ पर ठीक रहो।

जो सामान तुमने भटनागर की [illegible] का अभी तो इस्तेमाल किया नहीं है। [illegible] कोई खराब होने वाली चीज तो है नहीं।

आज कल तो वहाँ पर बहुत ही जाड़ा पड़ रहा होगा। यहाँ पर भी ठण्ड बहुत हो रही है इस वजह से जाड़ा भी ज्यादा ही है।

तुम्हारी पढ़ाई ठीक चल रही होगी। तुम अपना सब ध्यान रखना खासकर [illegible] पहन कर बाहर जाया करो।

तुम्हारे लिये लोग ने कोई स्वेटर बुना है या नहीं। तुम्हारे पौधे कैसे हो रहे हैं।

हम तो मेरा पत्र गर्मी तक भी होता है हम एक बेर बेगा ले ही जाते हैं लेकिन कुछ डॉन बातों में ही गड़बड़ हो जाती होगी।

तुमने अपने जन्मदिन पर क्या मनाया हम तो यहाँ पर याद ही करते रहे। लेकिन ने अपने जन्मदिन पर फोटो खिंचवाया होगा उन फोटो हमारे पास भी भेजना है।

अब पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी अम्माजी

[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 14 : 1 : 1979

बेटी गाडिआ चिरंजीव रहो।

तुम्हारे हलक का क्या हाल है बेटी। अब की बार तुम को throat में परेशान कठिनाइयां। मैं दवा भेज रहा हूं चार गोली को तीसरे दिन खाना शायद ठीक होजावे। तुम्हारी पीठ को भी ठीक करेगी यह दवाई। और जो हाल हो लिखवा देना बेटी

दवाई भेज दूंगा। रात सोते
समय नमक के गरम पानी से
गरारे करो तो और फायदा
होगा।

तुम्हारी इच्छाशक्ति भी प्रबल
[illegible] पर होगी। हेतु भी
काफी होगा वहां तुम को
तो हेतु से अलावा ही
मुश्किल है कि भी [illegible]
कभी [illegible] जाना
होता है।

तुम्हारे बाबा
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 14 : 1 ... 1979

My dear Sushil

As I have already written Shri O P Bhatnagar has not yet come to Meerut as he was busy in changing his residence. He may come after some days.

I had sent the specs through the person to you. It was through Vig that the specs were delivered to Km Sharodkar. She could

N.B. Take any other articles.

I could have got some thing delivered to her. Think Vig. Vig is working in the Central Audit office known as D.C.D.A. at the Palam Delhi. Though at a distance he was ready to go to her any time. However, I shall be on the look out to see if any other person going to you.

With love
yours affly
[illegible]

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 14.1.1979

बेटा अन्नू चिरंजीव रहो।

तुम्हारा 1.1.79 का letter मिला। मुझे खुशी है तुम लोग ठीक हो।

आजकल West-Indies और India का IV test मैच रहा है Madras में। आज ~~[illegible]~~ तीसरा दिन खेल रहा है। West-Indies पहली innings में 228 Run बना कर out हुई। India ने पहली innings में 255 run बनाए। इस समय West-Indies दूसरी Innings खेल रहे है।

इस वक्त तक उन के
8 खिलाड़ी out हो गये हैं
और 2 और out होने रहे
हैं। उन के अब तक दूसरी
innings के 151 runs
बने हैं। अब उन का चाय
का समय हो रहा है। थोड़ी
देर में फिर खेल होगा।
India को यह test जीतने
की बहुत उम्मीद है।

तुम्हारा बाबा

Tea के बाद दो मिनट में ही
दोनों और players भी out हो गये।
कुल runs उन के 151 हुए।
जिस में से पहली innings के 27 runs
कम करके 124 runs होते हैं
over

Dhanpat Rai Gupta

VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

प्रकाश वती

Dated २९-२-197८

चिरंजीव गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार

कल तुम्हारा रेखा का लिखा हुआ प्यारा सा पत्र मिला है। देख कर प्रसन्नता हुई। और सब समाचार ज्ञात हुए। आशा है कि अब तुम्हारी खांसी को आराम होगा। मेरा भी कई दिन से गला खराब हो रहा है जुकाम खांसी चल रहा है।

मौसम यहां पर ठंड का आ गया है। इसलिये यहां पर बैठे तो उन सब के लिये ठीक ही है। वैसे इसने और गाड़ी को इन्टरसिटी किया है। यदि और गाड़ी अच्छी मिल गई तो वहां पर चला जावेगा। इसलिये [illegible] सब जगह अच्छा सा लगता है। वैसे यह दिनभर [illegible] चला जाता है और आप को साथ [illegible] घर पर आता है।

जैसे यह अच्छा किया अपना पढ़ाई में [illegible] लेना है यह पढ़ाई सब अच्छा बताता है तुमको कैसा लगता है।

तुमको याद नहीं [illegible] है हो स्टेशन में गाड़ी मिल

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated २५ । २ । 197८

प्रिय बिटिया गुड़िया तुमको हमारा बहुत सा प्यार

आशा है कि तुम ठीक होंगी। तुम्हारा पत्र आया था लेकिन मैं उत्तर नहीं दे सका था। घर पर कोई आ गये थे तुम्हारी फोटो बहुत अच्छी आई है। बिल्कुल अपनी माँ पर जाती सी वैसी ही लगती हो। [illegible] भी इतने दिन से यहाँ नहीं आया है।

[illegible] तो [illegible] से अच्छा आई थी। अब उन बिचारी को समय नहीं मिलता है बिचारी बहुत ही रह गई थी कि घर को बहुत काम करने को रखा है लेकिन समय ही नहीं मिलता है। उषा की शादी भी २८ फरवरी की है और गुजराती के लड़के की शादी भी २८ फरवरी की है वह हमारी तरफ से है। इलाहाबाद से आकर मुजफ्फरनगर की शादी हमारी तरफ से है। [illegible] और हमने बहुत है। शादी में बुलाया है इस लिये दो दिन को तो शादी में जाना ही पड़ेगा। लेकिन बड़ा बुरा सा लगता है क्योंकि घर में ही शादी होगी और हम नहीं देख सकेंगे।

दो दिन को उषा का तिलक रक्खा हुआ है बाद

जाड़े तो अच्छा है बहुत दूर जाना पड़ता है।

तुम्हारा लिखा लिफाफा ठीक रहता है। जितने कागज़ [illegible]
फुलझड़ी में रख गई थी उतने कागज़ रखवा दिये हैं और
जो निकला वो मैंने २ अलमारियों में रख दी है।

उज्ज्वला आज कल इलाहाबाद है। उसके बड़े
लड़के योगेश की शादी २२ मार्च की है। वह मुज़फ्फर
नगर जाकर ही शादी करेगी। २४ या २५ मार्च को
मुज़फ्फर आ जायेगी। योगेश का रिश्ता भी इधर
के दादा जी ने बहन की पोती से
हुआ है। इसको शादी में मुज़फ्फर नगर जाने को
बहुत ही कहा है और इसलिए बजाय के ही मुज़फ्फर नगर
जाकर शादी कर रहे हैं। वैसे तो आगे वाले इलाहाबाद
से ही शादी करने को आ रहे थे।

आज मैं बहुत खुश हो रही हूँ। क्योंकि आज गीता (?) के
इतना के दिनों की लोग कहते है। तुम्हारी सबकी
बहुत ही याद आ रही है। तुम्हें दिन को आगे
बहुत अच्छा लगता था।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

तुम्हारी [illegible]
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
152, VIJAY NAGAR,
MEERUT
DATE

बापू जी २६ तारीख की शाम को आये और २८ ता
की सुबह को चले गये हैं। ललना अच्छा है। उसका
बहुत खुश है और सामान बांधने में पीछे बाले हैं।

तुम्हारी तबियत अब बिल्कुल ठीक हो गई होगी अपने
अपना सेहत ध्यान रखना।

तुम्हारी पढ़ाई के बाद ठीक ही चल रहा होगा
पत्रोत्तर शीघ्र ही देना।

~~उसका~~
अनुपमा ने अपनी तुम्हारी
फोटो के लिये चिट्ठी भी
है उस उस फोटो इसको
भी भेज देंगे।

तुम्हारी अम्मा
प्रकाश वती

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

प्रकाश जी

Dated २९।१।197८

प्रिय बेटे शेखर तुम्हारी ४ता० का पत्र कल मिला और हे पत्र को पढ़ कर बड़ी प्रसन्नता होती है इस पत्र को हैदराबाद ही देख रहे थे।। तुम्हारे पास अब तक १२-१३ पत्र पहुंचे हैं इतने सारे पत्र कहां कहां से आते हैं। इतने पत्रों को देख कर अच्छा तो लगता ही होगा।

नीता रचिता को यहां पर आ गया है। ऐसे मौके पर तुम सब यहां पर होते तो कितना अच्छा होता। इस विषय का भी हम से क्या मतलब [illegible] मैं तो छुट्टी के दिन ही घर पर रहता है उनका इतवार है घर पर ही है। नहीं तो बिचारा सुबह सवेरे चला जाता है। और आप को सवेरे चले ही घर पर आता है। इतने जाड़े में गला [illegible] ही हो गये है।

हमेशा के लोग ठीक होंगे।

इन दोनों को प्यार आशीर्वाद।

आज हलवा के लिये भी लोग गये हैं
तुम्हारी बहुत ही याद आती है।
तुमने सफर पर खाना खाया होगा।
लोग ने बनाया होगा।

लोग से कहना तुमको पत्र लिखे।

अभी भटनागर साहब के पास से सामान नहीं आया है।

पत्रोत्तर शीघ्र ही देना

तुम्हारा शुभाकांक्षी
प्रकाश नानी

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 21-1-1979

बेटी गुड़िया। सुखी रहो

तुम्हारा 1.1.79 का letter कल मिला है। Pushpa का 9.1.79 का letter कई दिन पहले मिल गया था यह डाक का हाल है।

मुझे खुशी है तुम ठीक हो। तुम्हारा जाना तो बराबर होता रहता है मैंने कई दिन हुवे दवा भेजी थी पहुँचा होगी।

तीन लिखना क्या हाल रहा

उससे भी अच्छी
दवा होती तो मैं भेज
देता। पूरा हाल लिखना
जो दवा भेजा था वह
आपके लिए भी काम
करती है।

तुम्हारे manager
से कैसे काम चलता है
बताना यह तो बदलते
रहते हैं। तुम लोगों को
हर manager का मिजाज
देखना पड़ता है।

तुम्हारा बाबा
[illegible]

Pat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 21.1.1979

बेटा सैनु खुश रहो।

तुम्हारा 1.1.79 का लिखा letter पहले आ गया था दूसरा 1.4.79 का कल मिला है। तुमने stamp को लिखा है आज Sunday है इसलिए नहीं मिले हैं अगले letters में थोड़े थोड़े करके भेजता रहूँगा। तुम को stamp की दिक्कत नहीं होगी।

यहाँ का मौसम कुछ दिनों से बहुत ठंडा था बारिश भी आज तो खुला हुआ है। धूप की वजह से मौसम ठीक है।

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 197

मैं ने papers में पढ़ा
Washington में मौसम
ठंडा है। सब लोग
परेशान हैं। Car भी
Start नहीं हो रही है
इस से houses में बहुत
भीड़ हो जाती है। लिखना
घर का क्या हाल है। हम
ठीक रहते हैं।

तुम्हारा बाबा।

West-Indies को 1st Test
India जीता है। Score Board
भेजता हूं। दूसरा Test Delhi
में 24.1.79 से होगा।

NEER
programme.
ill head a team
in the Machi
l be responsi
nd quality of
ciency, discip
linates;

Dhanpat Rai Gupta
VAKIL

152, VIJAY NAGAR,
MEERUT

Dated 24.1.1979

बेटा गुडिया चिरंजीव रहो

आपका पत्र न हुवे 3 महीने
बाद मिला। आपने
Subject change करवाया
है ठीक है। बदलना है
तब तो आपका परेशान
तो नहीं होगा। यहाँ
सब लोग यही कहते
हैं कि Computer Science
ठीक रहेगा। पुत्र तो
पढ़ाई शुरू हो रही होगी।

यहां का मौसम अब
ठीक है। दिन में तो
धूप है गरम। रात को
ठण्ड काफी हो जाती है
शायद १५ दिन में और
भी ठीक हो जायेगा।
वहां तो अभी काफी
ठण्ड होगी।

तुम्हारा बाबा।

